CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

देहरादून, रविवार 1 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 203 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



## संक्षिप्त समाचार

### आगरा में 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आगरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आगरा जिले में शुक्रवार शाम 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश पवन को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस सूत्रों के अनुसार पवन की लोक. शन मिलने पर एसटीएफ टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान बदमाश की ओर से की गई फायरिंग के जवाब में हुई मुठभेड़ में वह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में एसटीएफ का एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मारे गए बदमाश के पास से 9 एमएम और 32 बोर की पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक 9 एमएम की सरकारी पिस्टल उसने वर्ष 2016 में नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में एक सिपाही से लूटी थी। पवन मूल रूप से गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र का निवासी था।

### पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर जारी आदेश पर पुनर्विचार हो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में यूपी बोर्ड की पुस्तकें प्रकाशित करने वाले प्रकाशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रकाशकों ने यूपी बोर्ड द्वारा पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर जारी आदेश पर पुनर्विचार करने की गुहार लगाई है। प्रकाशकों का आरोप है कि यूपी बोर्ड ने हाल में आदेश जारी कर केवल तीन प्रकाशकों को 36 विषयों की 70 पुस्तकों के प्रकाशन का अधिकार प्रदान कर दिया है। वे पिछले लगभग 50 वर्षों से, तीन-चार पीढ़ियों से प्रकाशन कार्य से जुड़े हैं, लेकिन उनके द्वारा प्रकाशित पुस्तकों को बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

# डा. मिर्जा पांचवीं बार मजलिसों के को-ऑर्डिनेटर

जिया अब्बास जैदी

**दरगाह जोगीपुरा की सालाना मजलिसें**



■ 21 मई से शुरू होकर 24 मई तक चलेंगी

**लखनऊ/सहारनपुर।** दरगाह जोगीपुरा की चार दिवसीय सालाना मजलिस के लिए मौलाना डा. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। चार दिवसीय मजलिस में हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ 60 उलेमाओं को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी तकरीर में अलग-अलग मौजुओं पर तकरीर करेंगे।

इस संबंध में मौलाना डा. मिर्जा शफीक ने 'शाह टाइम्स' को जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह ए-आलिया नजर-ए-हिंद जोगीपुरा की मजलिसें 123 वर्ष से लगातार होती चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि यह अकीदत का मरकज है। 351 साल से ज्यादा हो गए, यह दरगाह यहां मौजूद है। दरगाह में दुनियाभर के विभिन्न समुदाय के लोग यहां शिरकत करने के साथ-साथ मन्नत व मुरादें पूरी करने के लिए आते हैं। चार दिवसीय मजलिस 21मई से शुरू होकर 24 मई 2026 तक होंगी। उन्होंने बताया कि मजलिसों का सिलसिला रोजाना सुबह से शुरू होकर रात तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद व शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली जैदी की ओर से उन्हें पिछले साल की तरह इस बार भी लगातार पांचवी बार मजलिसों का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्तमान में दरगाह जोगीपुरा के प्रशासक मौलाना सैयद शबाब नकवी की ओर से जायरीनों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। डा. मिर्जा शफीक ने बताया कि 23 मई की रात्रि मौला अली की शान में मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा मौलाना मिर्जा शफीक को आगरा में स्थित दरगाह शहीद-ए-सालिस की मजलिसों का भी पिछले दो वर्षों से कोर्डिनेटर बनाया जा रहा है।

# डिग्री सिर्फ एक प्रमाण पत्र नहीं, बल्कि एक प्रतिबद्धता

नई दिल्ली, वार्ता



■ दिल्ली विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोले उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्नातक की डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि समाज की सेवा, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता है।

राधाकृष्णन ने शनिवार को दिल्ली विश्व. विद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय 104 साल की यात्रा और शैक्षणिक उत्कृष्टता और निरंतरता के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की शुरुआत मात्र तीन कॉलेजों, दो संकायों, आठ विभागों, उपहार स्वरूप प्राप्त पुस्तकों के एक छोटे से पुस्तकालय और 750 छात्रों से हुई थी। आज इसमें 16 संकाय, 86 विभाग, 90 कॉलेज, 20 छात्रावास, 30 से अधिक केंद्र और संस्थान, 34 पुस्तकालय और छह लाख से अधिक छात्र हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्व. विद्यालय ने अपने ऐतिहासिक यात्रा में वाकई एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय को देश के सबसे प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक बताते हुए कहा कि एक सदी से अधिक समय से इसने ऐसे विद्वानों को पोषित किया है, जिन्होंने भारत के बौद्धिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक जीवन का नेतृत्व किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अब उन प्रतिभाशाली पूर्व छात्रों की परंपरा में शामिल हो रहे हैं जिन्होंने न केवल भारत बल्कि विश्व को भी आकार दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिग में लगातार हो रहे सुधार पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय लगातार चार वर्षों से क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों में पहले स्थान पर बना हुआ है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, यह एक अंत और एक नई शुरुआत दोनों का प्रतीक है। यह वर्षों के अध्ययन, अनुशासन, मित्रता, परीक्षाओं और आत्म-खोज का उत्सव है, साथ ही स्नातकों के लिए एक व्यापक क्षेत्र, यानी उत्तरदायित्व के क्षेत्र में औपचारिक प्रवेश का संकेत भी है। उन्होंने कहा कि स्नातक एक ऐसे संसार में कदम रख रहे हैं जो परिवर्तन से गुजर रहा है। प्रौद्योगिकी उद्योगों को नया रूप दे रही है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्य की प्रकृति को पुनर्परिभाषित कर रही है, जलवायु परिवर्तन विकास के प्रतिमानों को चुनौती दे रहा है और विश्व भर में लोकतंत्र की परीक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे संसार में, डिग्री केवल एक प्रमाण पत्र नहीं बल्कि एक प्रतिबद्धता है, समाज की सेवा करने की प्रतिबद्धता, अपने कौशल का उपयोग व्यापक भलाई के लिए करने की प्रतिबद्धता, केवल अपने लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के कल्याण के लिए जीने की प्रतिबद्धता, और सबसे बढ़कर 'राष्ट्र सर्वोपरि' के सिद्धांत को कायम रखने की प्रतिबद्धता।

## उप्र की योगी सरकार की स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए बड़ी पहल

# कैंटोनमेंट अस्पतालों में होगा आयुष्मान धारकों का इलाज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मेरठ समेत 13 जिलों में संचालित हैं कैंटोनमेंट अस्पताल, जिनमें अभी केवल प्रयागराज में ये सुविधा उपलब्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार प्रदेश के आयुष्मान कार्ड धारकों को बड़ी राहत देने जा रहे हैं।

राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि उत्तर प्रदेश के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) द्वारा शेष 12 कैंटोनमेंट अस्पतालों के साथ जल्द ही एमओयू साइन किया जाएगा। प्रदेश में कुल 13 कैंटोनमेंट अस्पताल हैं, जिनमें से प्रयागराज स्थित कैंटोनमेंट अस्पताल में पहले से ही आयुष्मान कार्ड धारकों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। वहां मिल रहे सकारात्मक परिणामों को देखते हुए सरकार ने इस सुविधा का विस्तार पूरे प्रदेश में करने का निर्णय लिया है। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) की सीईओ अर्चना वर्मा के अनुसार, प्रयागराज कैंटोनमेंट अस्पताल में जनवरी 2026 से आयुष्मान कार्ड धारकों को कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल एवं सर्जिकल ऑन्कोलॉजी जैसी गंभीर बीमारियों का उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीजों को मुफ्त ओपीडी अपॉइंटमेंट, नि:शुल्क जांच और गंभीर रोगियों के लिए मुफ्त परिवहन (पिक एंड ड्रॉप) की सुविधा भी दी जा रही है। अब एमओयू के बाद लखनऊ, कानपुर, मेरठ, बरेली, वाराणसी, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा, आगरा, फतेहपुर, झांसी और बबीना स्थित कैंटोनमेंट अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इससे प्रदेश में योजना के तहत पैनल्ड अस्पतालों की संख्या में और वृद्धि होगी।

साचीज की एसीईओ डा. पूजा यादव ने बताया कि सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में आवश्यक प्रक्रियाओं को आयुष्मान योजना के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। एमओयू के बाद अस्पतालों को योजना के पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे उपचार, बिलिग और क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरी हो सके। सरकार की इस पहल से सेना क्षेत्र के आधुनिक चिकित्सा संसाधनों का लाभ आम नागरिकों को भी मिलेगा। साथ ही गंभीर और जटिल बीमारियों से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सुलभ हो सकेगी।

### योगी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर दी सभी वैज्ञानिकों को शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले देश के सभी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि महान वैज्ञानिक, नोबेल पुरस्कार से अलंकृत, 'भारत रत्न' सर सीवी रमन द्वारा खोजे गए 'रमन प्रभाव' की स्मृति में मनाए जाने वाले इस दिवस पर आइए हम सभी मिलकर नवाच. ार एवं अनुसंधान के माध्यम से 'आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत' के संकल्प को और सुदृढ़ करें। आज पूरे देश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी सर सी-वी- रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। इस अभूतपूर्व खोज के लिए सर रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पूरे देश में विभिन्न विषयों पर आधारित विज्ञान संचार गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की तरफ से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर के समारोह का आयोजन किए गए हैं।

# सैनिकों की समस्या पर राहुल का वित्तमंत्री को पत्र

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण को पत्र लिखकर पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध कराने और दिव्यांगता पेंशन पर आयकर व्यवस्था वापस लेने की मांग की है।

गांधी ने इस संबंध में वित्त मंत्री को बुधवार को पत्र लिखा है, जिसमें उनसे आग्रह किया है कि सशस्त्र बलों के कर्मियों को प्रभावित करने वाली अंशदाई पेंशन योजना में निधि की कमी दूर कर वह दिव्यांगता पेंशन पर कर हटाने के जरूरी आदेश दें। उन्होंने लिखा कि पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के लिए पर्याप्त वित्तीय आवंटन और दिव्यांगता पेंशन पर हाल ही में लगाए गए आयकर को वापस लिया जाए। पूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना पूर्व सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करती है, लेकिन वर्तमान में यह योजना गंभीर वित्तीय संकट में है। योजना के तहत 12,000 करोड़ रुपये से अधिक के चिकित्सा बिल लटके हुए हैं। इसमें बजट आवंटन आवश्यकता से लगभग 30 प्रतिशत कम है। भुगतान न होने के कारण कई अस्पताल योजना से बाहर हो रहे हैं। पूर्व सैनिक जेब से खर्च करने को मजबूर हो रहे हैं। कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार में देरी हो रही है। देश की सेवा करने वाले आज जरूरत की घड़ी में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 82225.92
निफ्टी 25424.65



सोना 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 263917
प्रति किलो



# शेयर बाजारों ने एनटीपीसी पर लगाया 10.86 लाख का जुर्माना

मुंबई, वार्ता



सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) के निदेशकमंडल में स्वतंत्र निद. ेशकों के अनुपात में कमी को लेकर शेयर बाजारों ने उस पर कुल 10 लाख 85 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया है।

एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजारों को बताया कि उसे 27 फरवरी को बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से अलग-अलग नोटिस मिले हैं। दोनों ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सेबी के एलओडीआर (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) नियमावली के नियम 17(1) का पालन न करने के लिए 5,42,800 रुपये के एक समान जुर्माने लगाए हैं। जुर्माने की कुल राशि 10,85,600 रुपये है। नियम 17(1) निदेशकमंडल की संरचना से संबंधित है। यह नियम किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशकमंडल में कम से कम एक महिला निदेशक और 50 प्रतिशत स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति को अनिवार्य बनाता है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि एक सार्वजनिक उपक्रम होने के नाते उसके निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार राष्ट्रपति के पास है। वह ऊर्जा मंत्रालय के समक्ष पर्याप्त संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मसला उठाती रही है, ताकि सेबी के नियम 17(1) का अनुपालन किया जा सके। उसने शेयर बाजारों से आग्रह किया है कि इन बातों को ध्यान में रखते हुए उस पर जुर्माना नहीं लगाया जाना चाहिए। एनटीपीसी की वेबसाइट के अनुसार वर्तमान में उसके निदेशकमंडल में कुल 13 सदस्य हैं जिनमें पांच स्वतंत्र निदेशक हैं।

### सोने की कीमत बढ़ी, चांदी का भाव घटा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। वैश्विक स्तर से लेकर घरेलू स्तर तक सोने और चांदी की कीमतों में अचानक तेजी और अचानक गिरावट आ जा रही है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक राजधानी में 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,64,700 रुपये हो गई। यह कीमत पिछले कारोबारी दिन 1,62,900 रुपये थी। वहीं, दिल्ली में चांदी टूटकर 2,68,000 रुपये प्रति किग्रा पर रही। एमसीएक्स पर सोना का वायदा भाव (2 अप्रैल 2026 का कॉन्ट्रैक्ट) 133 रुपये गिरकर 1,61,971 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुई। वहीं चांदी मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर थोड़ा घटकर 2,74,389 रुपये (5 मार्च 2026 का कॉन्ट्रैक्ट) किलो हो गया।

# चावल, चीनी और दालों में रही तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों के दाम भी बढ़ गए। गेहूं में नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 12 रुपये बढ़कर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये फिसलकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

आटा 24 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 67 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल 49 रुपये और मसूर दाल 23 रुपये महंगी हुई। तुअर दाल में 22 रुपये और चना दाल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ, जबकि अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। वनस्पति 58 रुपये और पाम ऑयल 46 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 24 रुपये और सूरजमुखी तेल की 17 रुपये बढ़ गई। सोया तेल 15 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 46 रुपये बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7757.19 रुपये, मसूर काली 8055.59 रुपये, मूंग दाल 10183.14 रुपये, उड़द दाल 10752.22 रुपये, तुअर दाल 11167.83 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.27 रुपये और चावल 3852.75 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.03 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.23 रुपये और गुड़ 5007.35 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

खाद्य तेल: सरसों तेल 17650.61 रुपये, मूंगफली तेल 18390.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16572.78 रुपये, सोया तेल 14131.21 रुपये, पाम ऑयल 12794.84 रुपये और वनस्पति 14585.32 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हवाई यात्रियों की संख्या का जनवरी में नया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, वार्ता

हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 4.36 प्रतिशत बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में घरेलू विमान सेवा कंपनियों की उड़ानों में सफर करने वालों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 49 हजार रही। यह जनवरी 2025 के एक करोड़ 46 लाख 11 हजार से 4.36 प्रतिशत अधिक है और अपने-आप में नया रिकॉर्ड है।

इससे पहले, नवम्बर 2025 में हवाई यात्रियों की संख्या एक करोड़ 52 लाख 38 हजार रही थी। हालांकि दिसम्बर में इंडिगो के परिचालन में बड़े व्यवधान के कारण यह आंकड़ा घटकर 1.43 करोड़ रहा गया था। खास बात यह रही कि दिसम्बर 2025 में बड़ी गिरावट के बाद जनवरी में इंडिगो ने यात्रियों की संख्या के मामले में अपनी पुरानी बाजार हिस्सेदारी फिर से हासिल कर ली। पिछले साल दिसम्बर के पहले सप्ताह के दौरान हजारों की संख्या में उड़ानें रद्द करने के बाद उसकी बाजार हिस्सेदारी नवम्बर के 63.6 प्रतिशत से घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी। जनवरी में एक बार फिर यह 63.6 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसका मतलब यह है कि यात्री एक बार फिर इंडिगो की तरफ वापस गए हैं। दूसरी तरफ, दिसम्बर में अस्थाई रूप से बढ़ने (29.6 प्रतिशत) के बाद एयर इंडिया समूह की बाजार हिस्सेदारी घटकर जनवरी में 26.5 प्रतिशत रह गई। अकासा एयर (4.8 प्रतिशत) और स्पाइसजेट (3.9 प्रतिशत) क्रमश: तीसरे और चौथे स्थान पर रहे। इंडिगो और एयर इंडिया की संयुक्त बाजार हिस्सेदारी लगातार 90 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। अधिक से अधिक भरी सीटों के साथ उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर ने एक बार फिर बाजी मारी। जनवरी में वह अकेली एयरला. इंस रही जिसका भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) 90 प्रतिशत से अधिक रहा। अकासा का पीएलएफ 93.2 प्रतिशत रहा। इंडिगो 87.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और एयर इंडिया समूह 86.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहा। स्पाइसजेट का पीएलएफ 85.9 प्रतिशत और क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 का 80.3 प्रतिशत रहा। विमान सेवा कंपनियों को जनवरी में यात्रियों से कुल 9,158 शिकायतें मिलीं।


### हवाई अड्डे पर स्विस नागरिक के पास मिला सैटेलाइट फोन

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को सीआईएसएफ कर्मियों ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में एक विदेशी यात्री के बैग से प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया।

इसकी सूचना तुरंत एयरपोर्ट प्रशासन और सीआईएसएफ की ओर से पुलिस को दी गई। विदेशी नागरिक की पहचान स्विट्जरलैंड निवासी आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (34) के रूप में हुई है। फूलपुर पुलिस के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे सीआईएसएफ ने सिक्योरिटी होल्ड एरिया में आंद्रे सायरिल न्यूवेंसवांडर (निवासी: लुशान, स्विट्जरलैंड) के बैग से यह प्रतिबंधित सैटेलाइट फोन बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद लगभग 13:30 बजे उन्हें स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जहां आईबी, एटीएस, एलआईयू सहित अन्य एजेंसियों ने उनसे पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि आंद्रे सायरिल अपनी महिला मित्र सेलेन हैंगमैन (स्विट्जरलैंड निवासी) के साथ एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई 696 से मुंबई जाने वाले थे, जहां से 13 मार्च को वे नेपाल के लिए रवाना होने वाले थे। आंद्रे सायरिल पेशे से प्रोसेस इंजीनियर हैं। उन्होंने सितम्बर 2025 में नौकरी छोड़कर विश्व भ्रमण शुरू किया था। वे दक्षिण अफ्रीका से दुबई, ओमान होते हुए 29 जनवरी को नई दिल्ली पहुंचे थे।

# उप्र विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ होली के बाद संगठनात्मक बदलाव पूरा कर लेगी भाजपा, जिला अध्यक्षों के नाम फ़ाइनल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए जल्द ही बाकी बचे पांच जिला अध्यक्षों और 80 से ज्यादा मंडल अध्यक्षों को नियुक्त करके जमीनी स्तर पर संगठनात्मक बदलाव पूरा करने वाली है।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और राज्य महासचिव (संगठन) धर्मपाल सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व से मंजूरी लेने के लिए बाकी जिला अध्यक्षों के नाम फ़ाइनल कर दिए हैं। इसके बाद जिला-स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा, जो मुख्य संगठनात्मक निकाय है जो जमीनी स्तर पर पार्टी की जनता तक पहुंच को बढ़ावा देता है। पार्टी ने स्थानीय स्तर पर मंडल-स्तरीय अध्यक्षों का चुनाव कराने का फ़ैसला किया। पार्टी ने 1,918 मंडल अध्यक्षों में से 1,800 से ज्यादा का चुनाव करने की प्रक्रिया पूरी कर ली है, ये संगठनात्मक पदाधिकारी जिला निकाय और बूथ-स्तरीय व्यवस्था के बीच एक पुल का काम करते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो चुनाव पास आ रहे हैं, इसलिए बीजेपीका बाकी जिला प्रेसिडेंट और मंडल प्रेसिडेंट का अपॉइंटमेंट पूरा करने पर फ़ोकस करना जल्दबाजी दिखाता है। जिला और मंडल यूनिट उत्तर प्रदेश जैसे पॉलिटिकल रूप से घने राज्य में इलेक्शन मैनेजमेंट की रीढ़ होती हैं, जहां बूथ-लेवल का हिंसाब अक्सर नतीजे तय करता है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी का मकसद ऑर्गेनाइजेशनल कमियों को दूर करना, गुटबाजी को रोकना और यह पक्का करना है कि अनुशासन का मैसेज राज्य से बूथ लेवल तक पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि जिला-लेवल का ऑर्गेनाइजेशनल सेट-अप आखिरकार स्टेट टीम बनाने का रास्ता बनाएगा, जिसमें असल में स्टेट वाइस-प्रेसिडेंट, जनरल सेक्रेटरी और छह रीजनल प्रेसिडेंट शामिल होंगे। भाजपा सूत्रों ने कहा कि स्टेट टीम का अपॉइंटमेंट पार्टी की सोशल इंजीनियरिंग को दिखाएगा क्योंकि वह उत्तर प्रदेश चुनावों के लिए तैयार हो रही है। भाजपा के एक वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारी ने कहा कि पार्टी हर हाल में मार्च के आखिर तक ऑर्गेनाइजेशनल बदलाव पूरा कर लेगी। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बड़ा फेरबदल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने जिला अध्यक्षों का ऐलान कर दिया है। भाजपा की नजर राज्य में संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करना है। उत्तर प्रदेश में कुल 75 जिले हैं। 14 जिलों के लिए अध्यक्षों के नाम की घोषणा होनी थी। इनमें से 11 जिलाध्यक्षों की लिस्ट जारी कर दी गई थी। होली के बाद संगठन के स्तर पर और भी ऐलान होने हैं।

# प्रशिक्षण नेतृत्व निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम: अजय

## प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का जरिया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** शनिवार को उत्तरकाशी भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उत्तरकाशी की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का पार्टी कार्यालय ज्ञानसू में जिला कार्य योजना बैठक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, जिला प्रभारी नवीन ठाकुर सह प्रभारी विनोद रतूड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण नेतृत्व को निखारने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके द्वारा व्यक्ति को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाता है ,और उसे राष्ट्र सेवा के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में निरंतर सीखते रहना आवश्यक है, क्योंकि जो सीखता है, वही अंततः सफल होता है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी की नीतियों, रीति-रिवाजों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का एक जरिया है। जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है। और उसे कुशल बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सरकार चलाने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता के साथ काम करती है। उनके अनुसार, व्यक्ति के निर्माण से संगठन और संगठन के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष नागेंद्र चौहान ने कहा भाजपा एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ता पद से पहले राष्ट्र को प्राथमिकता देते हैं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। पार्टी के 11 करोड़ 57 लाख सदस्य हैं। उनके अनुसार, भाजपा के शासनकाल में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। इस अवसर पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान दायित्व धारी रामसुंदर नौटियाल ,जगत सिंह चौहान,पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण, प्रदेश उपाध्यक्ष स्वराज विद्वान , जिला उपाध्यक्ष हरीश डंगवाल, जिला महामंत्री महावीर नेगी परशुराम जगूड़ी ब्लॉक प्रमुख राजदीप सिंह परमार ,ममता पवार ,रणदेव सिंह राणा सभी मण्डलों के मण्डल अध्यक्ष सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, सुधा गुप्ता पूनम रमोला विजयपाल सिंह मखलोगा,कुशाल सिंह नेगी ,ललिता सेमवाल ,विनीता रावत, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह गंगाडी सहित सैकड़ों पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## होली पर्व प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक: कंडारी

**श्रीनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी चौरास में आयोजित होली मिलन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर लोक गायक सौरभ बहुगुणा एवं प्रतीक्षा बमराड़ा ने एक से बढकर एक गीतों कि प्रस्तुतियां देकर सबको नाचने को मजबूर कर दिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी ने लोगों के साथ फूलों की होली खेली। मौके पर उन्होने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक पर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सामंजस्य की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी से पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए प्राकृतिक रंगों से होली मनाने की अपील की। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्तिनगर डॉ. राकेश मोहन मैठानी, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल सहित आदि मौजूद थे।

## आज पूरे प्रदेश में बना हुआ है अराजकता का माहौल: गोदियाल

**श्रीनगर में अवकाश प्राप्त कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर अपर बजार स्थित सर्राफ धर्मशाला में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से अवकाश प्राप्त कर्मचारी सम्मान समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अवकाश प्राप्त कर्मचारियों ने सरकारी नौकरी कर देश के लिए सची सेवा की है। कहा कि जीवन की सबसे बड़ी पाठशाला ही जीवन ही है। जीवन में कोई भी कार्य करना है तो अर्तमआत्म से पुछने के बाद ही करना चाहिए। गोदियाल ने कहा कि देश में एक ऐसे सरकार राज कर रही जिससे हर किसी के अंदर का डर का महौल बना हुआ है। पूरे प्रदेश में आरजतका का महौल बना हुआ है। यदि कोई भी सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहें है, उनके लिए षडयंत्र के तहत कार्यवाही की जा रही है, जो लोकतंत्र की हत्या करने जैसा है। अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र चन्द्र मैठाणी ने कहा कि संगठन की स्थापना 16 अक्टूबर 1984 को हुई थी। स्थापना काल से ही संगठन सामाजिक सरो. कारों से जुड़े विविध जनोपयोगी कार्यों में संलग्न रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन को पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूड़ी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन लाल जैन जैसे वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए गोल्डन कार्ड योजना में अधिकाधिक छूट प्रदान किए जाने की भी मांग रखी। पूर्व आईएएस अधिकारी सुन्दर लाल मुयाल ने कहा कि उत्तराखंड का समग्र विकास निष्ठावान एवं प्रतिबद्ध नेतृत्व के माध्यम से ही संभव है।

## अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि चेकिंग के दौरान मढी पुल पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 52 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बताया कि संजय सिंह (52) ग्राम मंगसू पट्टी, चौरास, कीर्तिनगर को गिरफ्तार किया गया है। युवक के खिलाफ अग्रीम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक दीपेंद्र रावत, प्रदीप, हरीश चन्द सहित आदि मौजूद थे।

# केदारनाथ हाईवे के तिलवाड़ा में बुलडोजर पर उठे सवाल

**रसूखदारों को पनाह, गरीबों पर कार्रवाई, स्थानीय लोगों में उबाल**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** तिलवाड़ा में केदारनाथ हाईवे पर चल रही अतिक्रमण हटाओ मुहिम अब विवादों के घेरे में है। बुलडोजर की कार्रवाई भले ही तेज दिख रही हो, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष नहीं है। रसूखदारों और सत्ताधारी नेताओं से पहचान रखने वालों के अतिक्रमण सुरक्षित हैं, जबकि गरीब और सामान्य लोगों पर सख्ती दिखाई जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई वर्षों से कुछ लोगों ने मुआवजा खाने के बाद भी एनएच की भूमि पर कब्जा जमा रखा है। यहां तक कि सरकारी मुआवजा लेने के बाद भी दोबारा अतिक्रमण कर लिया गया, लेकिन विभागीय अभियंताओं और प्रशासन ने आंखें मूंद लीं हैं। वहीं जिन लोगों की कोई राजनीतिक या विभागीय पहुंच नहीं है, उनके खिलाफ बुलडोजर बेरोकटोक चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, तथाकथित जनप्रतिनिधियों और सत्ताधारी पार्टी नेताओं की आड़ में अतिक्रमण को संरक्षण दिया जा रहा है। आरोप है कि एनएच खंड और तहसील प्रशासन के कुछ अधिकारी भी इस मिलीभगत में शामिल हैं। पिछले दो-तीन वर्षों में कई जिलाधिकारी और एनएच के अधिशासी अभियंता बदले, लेकिन कार्रवाई का पैटर्न नहीं बदला। हर बार दबाव की चर्चा सामने आती रही हैं।

नवनियुक्त जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने हाल ही में तिलवाड़ा में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर भेदभाव के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाना है तो सभी पर समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए, न कि पहचान और प्रभाव के आधार पर। क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो यह नाराजगी कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है।

**चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण करने पर होगी कठोर कार्रवाई:** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने स्पष्ट किया कि तिलवाड़ा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। कुछ लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इसके बावजूद यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर .......

## गढ़वाल विवि में पीएचड़ी में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**श्रीनगर।** हेमवमी नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की सत्र 2025-26 में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव अनीस-उज-जमाल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि गढवाल विवि में सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 1 मार्च से ऑनलाइन फार्म भरे जायेंगे। बताया कि 15 मार्च को आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जबकि साक्षात्कर की तिथि सम्बंधित विभागों द्वारा निर्धारित की जायेगी। उन्होने बताया कि प्रवेश सम्बंधित जानकारी गढ़वाल विवि की वेबसाइट से ली जा सकती है।

## कोठार पाली गोदी मोटर मार्ग की स्थिति सुधारने की मांग

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर अंतर्गत कोठार-पाली-गोदी मोटरमार्ग पर व्याप्त समस्याओं के समाधान की ग्रामीणों ने मांग की है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य थाती डागर अंजली ने पीएमजीएसवाई कीर्तिनगर के सहायक अभियंता को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य अंजली ने कहा कि पीपलीधार और धाल्डा नामी बैंड पर पुश्तों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कोठार गांव में सड़क पर पक्की नालियां नहीं बनाई गई हैं, जिससे बरसात के दौरान पानी सड़क पर बहता है और आवागमन में भारी दिक्कतें आती हैं। वहीं सड़क से मलबा गिरने के कारण कई स्थानों पर अव्यवस्था बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह बुटोला एवं कमल सिंह जाखी ने सड़क कटिंग एवं अन्य मदों का मुआवजा अब तक न दिए जाने पर भी रोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि विभाग की ओर से समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र विभागीय कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## कीर्तिनगर और हिंडोलाखाल ब्लाक में केवी खोले जाने की मांग

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र संघ महामंत्री एवं पूर्व प्रदेश मंत्री ऋतांशु कंडारी ने गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी से मुलाकात कि। इस दौरान उन्होंने कीर्तिनगर एवं हिंडोलाखाल में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने, देवप्रयाग और कीर्तिनगर ब्लाक में आर्मी कैंटीन खोले जाने एवं संकुण्ड ग्रामसभा के जितेंद्र रावत के परिजनों को आर्थिकी सहायता दिए जाने की मांग की है। कहा कि मांगों को लेकर विगत लम्बे समय से संघर्षरत है। उन्होंने गढ़वाल सासंद अनिल बलूनी से देवप्रयाग विधानसभा की समस्याओं का जल्द निस्तारण किए जाने की मांग की है।

## दुकानों, ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**रुद्रप्रयाग।** बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स ने शनिवार को जनपद के बांसबाड़ा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न दुकानों, ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर बाल श्रम की स्थिति का जायजा लिया।

अभियान का नेतृत्व कर रहे श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने प्रतिष्ठान स्वामियों को सख्त चेतावनी दी कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना संगीन अपराध है। पकड़े जाने पर भारी जुर्माने के साथ जेल का भी प्रावधान है। टीम ने मौके पर मौजूद लोगों और व्यापारियों को बाल श्रम कानून की विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की अपील की। इस संयुक्त रेस्क्यू टीम में चाईल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) के सदस्य और बाल कल्याण समिति (सीडब्लूसी) के पदाधिकारी मुख्य रूप से शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे ताकि जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाया जा सके।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत जनपद रुद्रप्रयाग जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हो गया। अभियान के तहत जनपद में 14 वर्ष की 2,282 लड़कियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

जिला चिकित्सालय में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक भरत सिंह चौधरी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर राजस्थान से शुभारंभ किए गए उक्त अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि सरकार जनस्वास्थ्य को लेकर लगातार संवदेनशील है, इसी का नतीजा है कि गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए एचपीवी राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लक्षित आयु वर्ग की लड़कियों का टीकाकरण करवाने की अपील की है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने कहा कि अभियान के तहत 14 साल की लड़कियों को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगवाई जाएगी। बताया कि जनपद में लक्षित आयुवर्ग की 2282 लड़कियों के टीकाकरणक का लक्ष्य रखा गया हे, जिसमें अगस्त्यमुनि ब्लाक में 1055, जखोली ब्लाक में 855 व ऊखीमठ ब्लाक में 372 लड़कियां शामिल हैं। इस मौके पर सीएमएस डॉ. शैलेंद्र द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी, डॉ. मनीष, डीपीएम हिमांशु नौडियाल, एएनएम स्वाती उनियाल, गीता खन्ना, मीरा राणा, यशवंत राणा, जयवीर बिष्ट आदि मौजूद रहे। संचालन बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका राणा द्वारा किया गया।

## रानीहाट में पारंपरिक बैठकी होली में जमकर थिरके होल्यार

**मेरा भोला बैठूं छ: डांडा सहित अन्य प्रस्तुतियों ने बांधा समा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत रानीहाट में पारंपरिक बैठकी होली का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के होल्यारों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पहाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया।बैठकी होली में पारंपरिक होली गीत मत मारो मोहन पिचकारी, मेरा भोला बैठूं छ: डांडा, भोलेनाथ दिगम्बर तथा जल कैसे भरू यमुना गहरी की सुरमयी प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय और रंगमय बना दिया। ढोल, दमाऊं, हुड़का और हारमो. नियम की मधुर ताल पर होल्यार देर तक थिरकते रहे। वीरेंद्र रतूड़ी ने कहा कि बैठकी होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि पहाड़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और एकता की पहचान है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम रही है।

## चमोली रॉयल और एसआर ऋषिकेश फाइनल में पहुंचे

**एनआईटी खेल मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** एनआईटी मैदान श्रीनगर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले रोमांचक रहे, जिनमें चमोली रॉयल और एसआर ऋषिकेश ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

शनिवार को पहला सेमीफाइनल चमोली रॉयल और पौड़ी किंग के बीच खेला गया, जिसमें चमोली रॉयल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 143 रन बनाए। चमोली की ओर से सर्वाधिक 21 रन आर्यन गोदियाल ने बनाए। पौड़ी किंग की तरफ से मोहित रावत और योगेश मेहर ने 2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पौड़ी टीम 126 रन पर ऑल आउट हो गई। पौड़ी की ओर से विकास ने 22 रन बनाए, जबकि चमोली के लिए अभय छेत्री, प्रियंक और नेनवाल ने 3-3 विकेट लिए। चमोली रॉयल ने मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में अभय छेत्री को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# बौंगाणी बोली के संरक्षण की कवायद तेज, दून में बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सीमांत जनपद की बौंगाणी बोली के संवर्धन और संरक्षण के उद्देश्य से ष्बौंगाण औनि बौंगाणीष समूह द्वारा एक गरिमामयी खुमळि (बैठक) का देहरादून में आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रख्यात समाज सुधारक सुरेंद्र सिंह रावत 'सुराह' की जयंती के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने ष्सुराहष जी के विराट व्यक्तित्व और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला। सुराह जी ने आजीवन मद्यनिषेध (नशा-मुक्ति) और मंदिरों में प्रचलित निर्दोष जीवों की बलि जैसी कुरीतियों के विरुद्ध साहसपूर्वक आवाज बार-बार उठाई थी। अनेक विरोधों और कठिनाइयों के बावजूद वे सत्य, संवेदना और जागरूकता के मार्ग पर अडिग रहे। उनकी दूरदर्शिता और प्रखर चिंतन के कारण ही उन्हें स्नेहपूर्वक 'सुराह' नाम दिया गया। सुराह जी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने बौंगाणी बोली के लिखे हुए रूप को पहचान दिलाई । यह काम उन्होंने आज से 55 वर्ष पूर्व कर दिया था ।

सुराह जी ने अपने ईष्ट देव महासू देवता की आरती बौंगाणी भाषा में लिखकर भाषा और भक्ति को एक सूत्र में पिरोया। उनके प्रयासों से मंदिरों में बलि प्रथा पर काफी हद तक रोक लगी और समाज में नई चेतना का संचार हुआ।

खुमळि की एक विशेष बात यह रही कि इसमें शामिल सभी लोगों ने बौंगाणी भाषा के पहले रेडियो कार्यक्रम को एक साथ सुना । ष्हैलो हल्द्वानीष रेडियो द्वारा सीधा प्रसारित हुए इस कार्यक्रम में बौंगाणी रचनाकारों ने अपनी लिखी कविताएँ सुनायीं थी।

रचनाकारों में मुख्य नाम मदन सिंह चौहान (कौळीच), प्रेम दत्त नौटियाल, हीरा लाल, देवेन्द्र दत्त नौटियाल (डौगुलि), बलबीर सिंह रावत, नेहा बौंगाणी (मौइंजौणी), डॉ.भजन सिंह चौहान (चिउँकै) और ललिता रावत (कोटी-बौनाळ).

इस अवसर पर आर. पी. विशाल, कार्यक्रम में ष्बौंगाण औनि बौंगाणीष समूह की उस टीम के सदस्यों की सराहना की गई, जिनके अथक प्रयासों से बौंगाणी भाषा की पहली प्रकाशित पत्रिका "इजाज" का प्रकाशन संभव हुआ।

### पीड़ा: 21वीं सदी में भी सड़क-स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अकाल, विकास के दावों की खुल रही कलई

# विधानसभा पुरोला के हाल: मरीजों को डंडी-कंडी से पड़ रहा ढोना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/उत्तरकाशी।** जनपद की पुरोला विधानसभा का सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत सांखाल एक बार फिर सिस्टम और नेताओं के विकास के तमाम दावों की कलई खोलने के लिए मोरी के सटूडी गांव के बाद, सांखाल गांव की घटना काफी है। जहां की बीमार महिला को पांच किलोमीटर दूर तक ग्रामीण ने मानवता की मिसाल पेश कर कंडी डंडी के सहारे अस्पताल पहुंचाया।

गौरतलब है कि 21वीं सदी में जब 5और 6 जी के डिजिटल युग में भी इस गांव तक सड़क नहीं पहुंच पाई है और ग्रामीण आज भी बीमार मरीजों को कंधों व डंडी -कंडी पर उठाकर अस्पताल पहुंचाने को मजबुर हैं। ताजा मामला सांखाल गांव की महिला इन्द्रि देवी, पत्नी स्वर्गीय बादरु का है, जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। आपात स्थिति में एम्बुलेंस या सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने मानवता की मिसाल तो पेश की, लेकिन व्यवस्था की बेरुखी भी उजागर हो गई। ग्रामीणों ने महिला को पैदल डंडी-कंडी के सहारे गांव से करीब पांच किलोमीटर नीचे घेडिया बैंड सड़क मार्ग तक पहुंचाया। वहां से निजी वाहन के माध्यम से बर्नीगाड लाया गया। इसके बाद 108 एम्बुलेंस से मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर बताते हुए तत्काल दून अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यह केवल एक महिला की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे सांखाल की सच्चाई है। यहां आज भी सड़क, स्वास्थ्य सुविधा और त्वरित आपात सेवा ग्रामीणों के लिए सपना बनी हुई है। विकास के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं और दावे जरूर किए जाते हैं और जनता को विधानसभा के जनप्रतिनिधि प्रदेश के सीएम से भी अधिक विकास के झूठे दावों से रिझाने की कोशिश भी कर रहें हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लोगों की जिंदगी आज भी भगवान भरोसे छोड़ी गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसी गर्भवती महिला, बुजुर्ग या गंभीर मरीज को समय पर अस्पताल न मिल पाए, तो ऐसे विकास का क्या अर्थ है? तस्वीरें साफ बता रही हैं कि दूरस्थ गांवों में न सड़क पहुंची है और न ही भरोसेमंद स्वास्थ्य व्यवस्था। आज भी बीमार को कंधों पर ढोना पड़े, तो यह केवल विफलता नहीं, बल्कि उन खोखले वादों की खुली पोल है।

# लिवाड़ी गांव में अस्पताल बीमार, एलोपैथिक अस्पताल बिना डॉक्टर व फार्मासिस्ट

**पुरोला विधायक के पड़ोसी ग्राम पंचायत के राजकीय एलोपैथिक अस्पताल का हाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद के मोरी विकासखंड के सुदूरवर्ती लिवाड़ी गांव में स्थित राजकीय एलोपैथिक पांच गांवों का अस्पताल वर्षों से से खूद बेमार है। अस्पताल बिना डॉक्टर व फार्मासिस्ट के कारण ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों बुखार, पेटदर्द की दवा के लिए भी करीब 60-70 किलोमीटर दूर मोरी की दौड़ लगानी पड़ती है।

स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल खुलने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते अस्पताल का संचालन नियमित नहीं हो पाया और अब स्थिति यह है कि भवन एक छोटे से किराये के कमरे में राम भरोसे है तथा दवाइयों की आपूर्ति भी बंद हो चुकी है। मामले में मोरी के चिकित्साधिकारी डॉ. नितेश रावत का कहना है कि लिवाड़ी में तैनात डॉक्टर पीजी कोर्स के लिए चले गए हैं, जिसके कारण अस्पताल फिलहाल खाली है। हालांकि, उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था बहाल करने का आश्वासन दिया। बता दें कि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार में पर्वतीय विकास मंत्री रहे दिवंगत पूर्व मंत्री बर्फिया लाल जुवाठा की दूरदर्शी सोच से वर्तमान विधायक के पड़ोसी गाँव लिवाड़ी में जनभावनाओं को समझते हुए एक एलोपैथिक अस्पताल की नींव रखी गई थी, वहीं वर्तमान समय में उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। आज तक न तो उस अस्पताल को अपना भवन मिल पाया है और न ही विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले नेताओं ने वहाँ डॉक्टर, फार्मासिस्ट सहित अन्य आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति करवाई है।

CMYK

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 1 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 203 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में मिलेगा आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज पेज 2



भारत की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वार्टर फाइनल पर खेल टाइम्स



पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा: 300 की मौत, 500 लोग घायल पेज 11



राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी बॉलीवुड

# अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला

## 85 छात्राओं सहित 102 लोगों की मौत, 60 से अधिक नागरिक हुए घायल

**ईरान का पलटवार**

ईरान ने भी इजरायल, कुवैत, कतर, बहरीन व सऊदी में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमले किए

ईरान ने इजरायल-दुबई पर मिसाइलें दागीं, कतर-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक

दुबई एयरपोर्ट ने सभी उड़ानें रद्द की, इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक, स्कूल-दफ्तर बंद

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इन हमलों में दक्षिणी ईरान में अब तक 53 छात्राओं समेत 102 की मौत हो गई है। जबकि 60 से अधिक घायल हैं। ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में स्थित बालिका प्राथमिक विद्यालय पर कथित इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है।

सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार इस हमले में करीब 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारी मोहम्मद रदमेहर ने कहा कि हमले के समय स्कूल में लगभग 170 छात्र मौजूद थे। राहत और बचाव अभियान जारी होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यानी देशों के हमलों में अब तक कुल 102 मौते हो चुकी हैं। इसमें मिनाब शहर की एक प्राथमिक बालिका विद्यालय की 85 छात्राएं, ईरान के पूर्वी इलाके में एक स्कूल के दो छात्र और अबू धाबी में हुई एक मौत शामिल है। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजरायल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी ड्रोन हमला किया। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है। दरअसल, इजरायल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजरायल का जाइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। ईरान में तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं।



### पश्चिम एशिया से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कदम उठाए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले और इसके जवाब में कई देशों पर ईरानी कार्रवाइयों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्रालय से पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ता तनाव बेहद चिंताजनक है। पश्चिम एशिया में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाए।

### ईरान, इजरायल व कतर स्थित दूतावासों की भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने की सलाह

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए ईरान, इजरायल और कतर स्थित भारतीय दूतावासों ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है और एक परामर्श जारी कर आपात स्थिति में दूतावासों से आपात टेलीफोन नम्बरों तथा ईमेल पर संपर्क करने को कहा है। कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि सभी भारतीय नागरिकों को उचित सावधानी बरतने तथा दूतावास और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी समाचार और परामर्शों का पालन करने की सलाह दी जाती है। भारतीय नागरिक दिन-रात काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 00974-55647502 और दूतावास के ईमेल cons&doha@mea&gov&in पर संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने कहा है कि सभी नागरिक

- हेल्पलाइन नम्बर जारी किए

स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा जारी आपातकालीन अलर्ट का पालन करें। जन सुरक्षा के हित में सभी से आग्रह है कि सैन्य स्थलों के आसपास जाने से बचें, घर या अन्य किसी भी भवन के अंदर रहें, और अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें या आवागमन करें, ताकि किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने परामर्श में कहा है कि बदलते घटनाक्रम के मद्देनजर ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घरों के भीतर रहने की सलाह दी जाती है। परामर्श में संबंधित समाचारों पर नजर रखते हुए स्थिति के बारे में जागरूक रहने और दूतावास की ओर से अगले आदेश की प्रतीक्षा करने की भी सलाह दी गई है।

### इजरायल का दावा: हमले में ईरान के रक्षा मंत्री व रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मारे गए

**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य टकराव के बीच इजरायल ने बड़ा दावा किया है। इजरायली सैन्य अभियान से जुड़े दो सूत्रों और एक क्षेत्रीय स्रोत के अनुसार ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पकपौर इजरायली हमलों में मारे गए हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि हालिया हमलों में ईरान के सैन्य नेतृत्व से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस दावे के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

## 11वां रोज़ा

### मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा



इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।

Kohinoor Art Jewellers KAJ

मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स
एक अनमोल रिश्ता

- ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
- LIFE TIME FREE SERVICE

KAJ
सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता

68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

### एनसीईआरटी की एडवाइजरी, 8वीं की बैन पुस्तक है, तो लौटाएं

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक जिन व्यक्तियों या संगठनों के पास है वे इस किताब को तुरंत लौटाएं। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की जिस किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला अध्याय था और जिस पर रोक लगा दी गई है, उसकी सभी प्रतियां वापस एनसीईआरटी मुख्यालय में जमा कराई जाएं। एनसीईआरटी ने यह भी कहा कि इस किताब के 'The Role of the judiciary in Our Society' अध्याय से जुड़ा कोई भी कंटेंट यदि सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया है, तो उसे तुरंत हटा दिया जाए। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा किताब पर रोक लगाए जाने के बाद उसे डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फैलने से रोका जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।

### एयर इंडिया, इंडिगो ने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में विस्फोटक हालात के मद्देनजर भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने वहां जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को एक यात्रा परामर्श में बताया कि उसने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले एयर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान एआई139 को इजरायल में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण बीच रास्ते से ही दिल्ली के लिए वापस लौटना पड़ा था। एयरलाइन ने यात्रियों को घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी है।

## ईरान और खाड़ी देशों पर भारत की पैनी नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई
- विदेश मंत्रालय बोला: सभी पक्ष संयम बरतें

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के ताजा हमलों के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी किया।

इस बयान में कहा गया कि भारत, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान में कहा कि वह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करता है। मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने और मूल मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के मिशन भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं और उन्होंने उचित परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। ईरान पर हमले से भारत के लिए भी बड़ी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। लड़ाई लंबी चली, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक स्थिरता समेत कई मोर्चों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा ईरान के पड़ोसी देशों से आयात करता है। देश का करीब 40 से 60 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के निकास मार्ग से आता है। यहां किसी तरह का सैन्य अवरोध होने पर तेल की आपूर्ति में बाधा आ सकती है। खाड़ी देशों में 80 लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीय रहते हैं। इनकी सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर इनकी निकासी सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### प. बंगाल: फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 61 लाख नाम काटे गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हो गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस के बाद राज्य में वोटरों की संख्या 7,04,59,284 हो गई है। अग्रवाल ने कहा कि इलेक्टोरल रोल रिवीजन प्रोसेस में फार्म-7 के जरिए 5,46,053 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और फार्म-6 और फार्म-6ए जमा करके 1,82,036 वोटरों को शामिल किया गया। इस पूरे प्रोसेस में 61,78,245 लोगों के नाम काटे गए हैं।

## आंध्र प्रदेश पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 21 की मौत

- आठ लोगों की हालत गंभीर
- राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है। पटाखा फैक्ट्री में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में नायडू ने लिखा कि काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में हुए धमाके की खबर विचलित करने वाली है। इस हादसे में कई लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हादसे के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है और उन्हें पीड़ितों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। सीएम नायडू ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों पर सरकार नजर रख रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्ट्री में करीब 20 लोग काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार बना रणजी चैंपियन

**हुबली।** जम्मू-कश्मीर की टीम ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नए रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया।

जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। पहली पारी के शतकधारी शुभम पुंडीर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 245 रन बनाने तथा 60 विकेट लेने वाले आकिब नबी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2:10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुमकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गए, लेकिन आखिर यह संभव हो गया। अपना पहला फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी।




लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल ने 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 160 तथा साहिल लूथरा ने 226 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन बनाए।

तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

# चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर एआरटीओ कार्यालय में समीक्षा बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियों के संबंध में हरिद्वार एआरटीओ कार्यालय में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संदीप सैनी, आरटीओ (प्रशासन) देहरादून द्वारा की गई। बैठक में हरिद्वार एवं रुड़की से संबंधित परिवहन विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न परिवहन यूनियनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्देश्य आगामी चारधाम यात्रा के दौरान परिवहन संचालन को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं यात्री-हितैषी बनाना रहा। बैठक में ट्रैवल्स एसोसिएशन हरिद्वार, पंचपुरी टेम्पो ट्रैवल यूनियन, टैक्सी-मैक्सी यूनियन, लक्सर बस यूनियन एवं लक्जरी कोच यूनियन के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। ग्रीन कार्ड, ट्रिप कार्ड एवं यात्रा पंजीकरण से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

यूनियनों द्वारा प्रमुख सुझावों में हरिद्वार में भी ऋषिकेश की तर्ज पर 24 घंटे का यात्रा पंजीकरण कैंप संचालित किया जाए। बाहरी राज्यों के वाहनों द्वारा उत्तराखंड से सवारी उठाने की प्रवृत्ति पर रोक लगे। अवैध ट्रैवल एजेंसियों के विरुद्ध नियमित निरीक्षण एवं सख्त कार्रवाई हो। बैठक में अवगत कराया गया कि ट्रिप कार्ड निरस्तीकरण प्रक्रिया को सरल किया जा चुका है, जिससे वाहन स्वामियों व चालकों को सुविधा मिलेगी। नवीन ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट नियमों के अनुसार अब वाहन अपने गृह राज्य से ही संचालन प्रारंभ कर सकेंगे। चारधाम यात्रा के दौरान प्रत्येक चेकपोस्ट पर जांच के स्थान पर केवल उनियाल चेकपोस्ट पर आवश्यक सत्यापन किया जाएगा, जिससे यातायात निर्बाध बना रहेगा। हरिद्वार में 24 घंटे पंजीकरण कैंप के संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही की जाएगी। बैठक के उपरांत जनपद में संचालित ई-रिक्शा सत्यापन एवं क्यूआर कोड आधारित पहचान प्रणाली के क्रियान्वयन का निरीक्षण भी किया गया। पंजीकृत वाहनों की स्पष्ट पहचान एवं अवैध संचालन पर नियंत्रण हेतु अपनाई जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में एआरटीओ (प्रशासन) हरिद्वार निखिल शर्मा, एआरटीओ (प्रवर्तन) हरिद्वार नेहा झा, एआरटीओ (प्रशासन) रुड़की जितेंद्र चंद एवं एआरटीओ (प्रवर्तन) रुड़की कृष्ण पलारिया उपस्थित रहे। आरटीओ (प्रशासन) संदीप सैनी ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की आस्था व पर्यटन से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है और यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा तथा पारदर्शी परिवहन संचालन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी यूनियनों से समन्वय एवं सहयोग की अपेक्षा की।

# किन्नर समाज ने श्मशान में खेली चिता की राख से होली

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शनिवार को किन्नर समाज ने खड़खड़ी श्मशान घाट पर मसान होली खेली। महामंडलेश्वर भवानी शंकरानंद गिरी के नेतृत्व में बैंड-बाजों के साथ जुलूस के रूप में खड़खड़ी शमशान घाट पहुंचे किन्नरों ने सबसे पहले चिता की राख की विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके बाद एक दूसरे को चिता की राख और रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। शमशान घाट पर जलती चिताओं के समीप किन्नरों को होली खेलते देख कुछ देर के लिए लोग स्तब्ध रह गए। महामंडलेश्वर भवानी शंकरानंद गिरी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सतयुग में शमसान होली मनायी जाती थी। उन्होंने बताया कि भगवान शिव रंगभरी एकादशी पर देवी गौरा का गौना कराकर उनके साथ काशी पहुंचे थे। भगवान शिव भूत-प्रेत, यक्ष, गंधर्व और प्रेत आदि के साथ होली नहीं खेल पाए थे। इसलिए उन्होंने सभी के साथ अगले दिन मसान में होली खेली। इसके बाद से मसान की होली की परंपरा शुरू हुई। काशी में मनाए जाने वाली मसान होली की परंपरा को किन्नर समाज ने हरिद्वार में भी शुरू किया है। तीन वर्ष से किन्नर समाज हरिद्वार में मसान होली मना रहा है। उन्होंने सभी से केमिकल फ्री होली मनाने और सनातन से जुड़ने का आह्वान भी किया। महामंडलेश्वर पूनम किन्नर ने कहा कि श्मशान मोक्ष का द्वार है और हर व्यक्ति को एक दिन यहां आना है। किन्नर समाज मसान की होली मनाने की पौराणिक परंपरा को जीवंत कर रहा है। महामंडलेश्वर प्रेम पुरी ने कहा कि राष्ट्रहित की कामना के साथ किन्नर समाज ने मसान होली खेली है। उन्होंने कहा कि श्मशान की राख जीवन की नश्वरता का संदेश देती है और अहंकार त्याग कर प्रेम व भाईचारे के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इस दौरान बड़ी संख्या में किन्नर शामिल रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान कार्यशाला आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जगजीतपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने की तथा संचालन वरिष्ठ भाजपा नेत्री अन्नू कक्कड़ ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ज्योति प्रसाद गैरोला ने कहा कि भाजपा राष्ट्र सर्वोपरि, सुशासन और समग्र मानवदर्शन के सिद्धांतों पर आधारित पार्टी है, जो आत्मनिर्भर, समावेशी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल दर्शन पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के उत्थान पर केंद्रित है। नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि अंत्योदय की भावना से प्रेरित यह अभियान विकास के लाभ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठनात्मक दक्षता को बढ़ाते हैं और कार्यकर्ताओं को जमीनी मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम बनाते हैं। जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि बूथ और मंडल स्तर तक संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर केंद्र और राज्य में सशक्त रूप से कार्य कर रही है। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि कार्यशाला ने स्थानीय चुनौतियों के समाधान के लिए संवाद और रणनीतिक योजना का प्रभावी मंच प्रदान किया। दूसरे सत्र में मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली कार्यशालाओं की रूपरेखा, स्थान और तिथि तय की गई। कार्यक्रम में मेयर किरण जैसल, राज्य मंत्री डॉ. जयपाल चौहान, पूर्व राज्य मंत्री विमल कुमार, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होली पर जनता को मित्र पुलिस से मिला खास तोहफा

# सिडकुल पुलिस ने खोए हुए फोन लौटाकर लौटाई मुस्कान

**ऑपरेशन रिकवरी के तहत 35 लाख के 140 मोबाइल बरामद**

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** होली के त्योहार के मौके पर हरिद्वार की मित्र पुलिस ने आम जनता को एक शानदार तोहफा दिया है। 'ऑपरेशन रिकवरी' अभियान के तहत पुलिस ने गुम हुए करीब 140 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं, जिनकी बाजार में कीमत 35 लाख रुपये से अधिक है।इस बड़ी कामयाबी के बाद एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने खुद सिडकुल थाने में प्रेस वार्ता की। उन्होंने अपने हाथों से उन लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन लौटाए जो फोन मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे। एसएसपी के हाथों अपना फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बरामद किए गए फोन में से कई मोबाइल सिडकुल की कंपनियों में काम करने वाले उन कर्मचारियों के हैं, जो दूसरे राज्यों से यहाँ नौकरी के लिए आए हैं। इसके साथ ही कई स्थानीय निवासियों के फोन भी पुलिस ने बरामद किए हैं। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने जिले की पुलिस को चोरी और गुम हुए मोबाइल ढूंढने के लिए C.E.I.R. पोर्टल पर मिली शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों पर सिडकुल थाना पुलिस ने कड़ी मेहनत की और इस पोर्टल की मदद से 140 मोबाइल फोन रिकवर करने में सफलता हासिल की। पुलिस के इस सराहनीय कार्य की आम जनता ने खूब प्रशंसा की है। इस सफल रिकवरी टीम में थानाध्यक्ष नितेश शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक देवेंद्र तोमर और मुख्य आरक्षी विवेक यादव शामिल रहे। बरामद फोन में आईफोन, सैमसंग, ओप्पो, वीवो, रियलमी और वन प्लस जैसे महंगे ब्रांड शामिल हैं। हरिद्वार पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें कभी भी कोई लावारिस मोबाइल फोन मिलता है, तो उसे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए तुरंत पास के थाने या पुलिस चौकी में जमा करा दें।

## होली मिलन समारोह का आयोजन आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर पालिका शिवालिक नगर के अध्यक्ष राजीव शर्मा के संयोजन में रविवार को शिवालिक नगर स्थित सामुदायिक केंद्र भव्य होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुति और फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का ऐसा पर्व है जो समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को सशक्त करता है। यह हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां बांटने की प्रेरणा देता है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन परंपराओं को जीवंत रखने के साथ सामाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे और सांस्कृति कार्यक्रमों का आनंद उठाते हुए फूलों से होली खेलेंगे।

# होली व रमजान को लेकर पुलिस मुस्तैद, शांति समितियों के साथ की बैठकें

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** आगामी होली के त्योहार और रमजान के पवित्र महीने को देखते हुए हरिद्वार पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर शनिवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति समिति और गणमान्य नागरिकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारे के साथ त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना है। जिले के कनखल, ज्वालापुर, रानीपुर, बहादराबाद और श्यामपुर क्षेत्रों में आयोजित इन बैठकों में पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग करने वालों, अफवाह फैलाने वालों या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ किया कि संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जाएगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। ज्वालापुर के बंधन पैलेस और बहादराबाद के शांतरशाह सहित विभिन्न स्थानों पर हुई चर्चा के दौरान पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय पार्षदों, व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों, मस्जिदों के इमामों और सीएलजी सदस्यों से संवाद किया। सभी लोग आपसी सौहार्द बनाए रखें और शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। नमाज निर्धारित स्थानों पर ही अदा करें और ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। बैठकों में स्थानीय लोगों ने भी अपने सुझाव साझा किए। पुलिस ने क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया ताकि दोनों पर्व शांति और उल्लास के साथ मनाए जा सकें।

# वैज्ञानिक डा. सीवी रमन के जन्म दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

दिलशाद अंसारी

**पथरी ( शाह टाइम्स )।** जीनियस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वैज्ञानिक डॉक्टर सीवी रमन के जन्म दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मो. शहजाद ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शनिवार को जीनियस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वैज्ञानिक डा. वीसी रमन के जन्म दिवस पर एक प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने वायरलेस इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन, रोड सेफ्टी, भूकंप अलार्म, चंद्रयान-3, आधुनिक सिंचाई तकनीक, वॉटर हार्वेस्टिंग एवं मैनेजमेंट, वॉटर पॉल्यूशन, वॉटर ट्रीटमेंट सिस्टम, सोलर पावर जनरेशन और हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी सहित अनेक वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने मॉडल बेकार कार्डबोर्ड, कागज, बोतल, पाइप, लाइट और लकड़ी जैसे साधारण सामग्रियों से तैयार कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया, अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। छात्रों ने बारी-बारी से अपने मॉडल की कार्यप्रणाली समझाकर सभी को प्रभावित किया। स्कूल के प्रिंसिपल पुनीत ने वैज्ञानिक डॉ बी सी रमन को याद करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला कहा इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना है। स्कूल कोऑर्डिनेटर जुल्फकार अली ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। स्कूल प्रबंधक हिना नावेद ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



इस मौके पर डॉ. उबेद अली चिकित्सा अधिकारी, डॉ मोहम्मद नावेद चिकित्सा अधिकारी लक्सर, इंजीनियर वासिद अली सभासद, मास्टर मुसर्रत अली, इंजीनियर जावेद अनवर, सुलेमान अली पूर्व उप प्रमुख, जिम्प सदस्य दर्शना सिंह, डॉ नाथीराम, आदि मौजूद रहे।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा, भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने किशोरी के अपहरण एवं दुष्कर्म के मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 5000 रुपये के इनामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से किशोरी को भी सकुशल बरामद कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 23 फरवरी को क्षेत्र निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के अपहरण के संबंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि आरोपी जावेद 22 फरवरी को बहला-फुसलाकर उसकी नाबालिक पुत्री को अपने साथ ले गया है। इस संबंध में कोतवाली ज्वालापुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर आरोपी व किशोरी की तलाश शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी नवनीत सिंह द्वारा तत्काल बरामदगी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए तथा 26 फरवरी को आरोपी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कुन्दन सिंह राणा के नेतृत्व में गठित टीम ने परिजनों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज की जांच, मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संभावित स्थानों पर दबिश की कार्रवाई की गई। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी आलम उर्फ जावेद पुत्र सफदर निवासी इक्कड़ खुर्द थाना पथरी को हरिलोक तिराहे से इक्कड़ मार्ग पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। वहीं प्रकरण में पॉक्सो अधिनियम की बढ़ोतरी की गई है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# स्वतंत्रपुरी आश्रम में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** उत्तरी हरिद्वार स्थित स्वतंत्र पुरी आश्रम में हरिद्वार धर्मशाला प्रबंधक सेवा समिति (पंजीकृत) द्वारा होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, संत-महंतों और समाजसेवियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियों, भक्ति संगीत और फूलों की होली ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। समिति के अध्यक्ष महंत भीमसेन, महामंत्री मनोज बिष्ट और कोषाध्यक्ष सोनू शर्मा ने अतिथियों का पटका व माल्यार्पण कर स्वागत किया। जूना अखाड़ा के श्रीमहंत केदार पुरी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने समाज में एकता की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।

नगर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं और हमारी धार्मिक-सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। मेयर किरण जैसल ने सभी को सुरक्षित व सौहार्दपूर्ण होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व भेदभाव मिटाकर प्रेम से रहने की प्रेरणा देता है। अध्यक्ष महंत भीमसेन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए समिति की समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। महामंत्री मनोज बिष्ट और कोषाध्यक्ष सोनू शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उपाध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी और राजेश सूद ने भी सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्रीमहंत अन्नपूर्णा पुरी, श्रीमहंत महेश पुरी, दर्जाधारी ओम प्रकाश जमदग्नि, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, सुनील सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव भट्ट, पूर्व जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, पार्षद आकाश भाटी, महावीर वशिष्ठ, अनिल वशिष्ठ, सुमित चौधरी, पूर्व पार्षद अनिरुद्ध भाटी, विदित शर्मा, कन्हैया खेवड़िया, दिनेश शर्मा, महेशानंद, सुनील तिवारी, राजवीर शर्मा, कांता हरिमान, डॉ. हर्षवर्धन जैन, गुरबचन, विकास कुमार, करण सिंह, हरीश सिंह, महेश भट्ट, राजेश कुमार, सक्षम शर्मा, देव शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# होली पर 4 मार्च को शराब की बंद रहेंगी दुकानें

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** होली पर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने 4 मार्च को जनपद में संचालित समस्त देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार सभी थोक एवं फुटकर शराब दुकानें, बार अनुज्ञापन (एफएल-6 समिश्र, एफएल-7), एफएल-5 डीएस, एफएल-40, एफएल-1, एफएल-3, एफएलएम-3, एमए-4, पीडी-2, सैन्य कैंटीन (एफएल-9/9ए), एफएल-2, सीएल-2, बीडब्ल्यूएफएल-2, आसवानी व बाटलिंग प्लांट सहित अन्य सभी आबकारी अनुज्ञापन 4 मार्च को शाम 5:00 बजे तक बंद रहेंगे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि होली के अवसर पर बंदी दिवस के कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित राजस्व में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति या छूट देय नहीं होगी। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, सभी उप जिलाधिकारियों, जिला आबकारी अधिकारी तथा समस्त आबकारी निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्रों में आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

## इएमए चिकित्सकों ने मनायी होली

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इएमए के अलीपुर बहादराबाद कैम्प कार्यालय सभागार में जिला अध्यक्ष डा.आदर्श शर्मा की अध्यक्षता में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम एवं सौहार्द का प्रतीक है। सभी सादगी एवं प्यार से मिलजुल कर होली मनाएं। कार्यक्रम में डा.वीएल अलखानिया, डा.ऋचा आर्य, डा. हीना कुशवाहा, डा.लक्ष्मी, डा.नीलम भारती, डा.एमटी अंसारी, डा.सुरेंद्र कुमार, डा.अशोक कुशवाहा, डा. विक्रम चौहान, डा.एपी अग्रवाल, डा.विनीत सहगल, डा.बीबी कुमार, डा.हरबंश सिंह, डा. संजय मेहता, डा.एसके अग्रवाल, डा.राकेश कुमार आदि शामिल रहे।

# कुंभ-अर्धकुंभ : चार दशक में सैकड़ों गुना बढ़ गया मेला बजट

**1986 में 25 करोड़ में हुआ था कुंभ सम्पन्न, अब है 1224 करोड़ का बजट**

हमजा राव







**हरिद्वार ( शाह टाइम्स ) ।** धर्मनगरी में कुंभ अर्धकुंभ के आयोजनों पर महंगाई की मार पड़ती रही है। जिसके कारण चार दशक के भीतर ही इन महामेलों के बजट में सैंकड़ों करोड़ की वृद्धि हो गई है। कुंभ, अर्धकुंभ का बजट हर छह साल के अंतराल में कई गुना बढ़ता रहा है। जिसके कारण कभी केवल 25 करोड़ में सम्पन्न होने वाला कुंभ का बजट आज सवा बारह सौ करोड़ के अधकुंभ तक पहुंच गया है। वर्ष दर वर्ष बढ़ते इन महामेलों के बजट में केंद्र सरकार का अनुदान भी शामिल रहा है। 1986 के कुंभ में तत्कालीन उप्र सरकार ने कुंभ के लिए 25 करोड़ रुपए का बजट जारी किया था। जबकि इसके छह साल बाद हुए अधकुंभ में बजट में 7 करोड़ की वृद्धि हुई और 1992 के अर्धकुंभ का बजट 32 करोड़ रूपए पहुंच गया। 1998 में आयोजित कुंभ में बजट सीधे सौ करोड़ रुपए बढ़ गया और मेला 132 करोड़ रुपए में सम्पन्न हुआ। इसके छह साल बाद उत्तराखंड गठन के बाद राज्य के पहले अर्धकुंभ के लिए तत्कालीन नारायण दत्त तिवारी सरकार ने 212 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया। 2010 में 317 करोड़ से कुंभ सम्पन्न हुआ। 2016 का अर्धकुंभ हरीश रावत सरकार ने 538 करोड़ से सम्पन्न किया, जिसमें दो सौ करोड़ का अनुदान केंद्र ने दिया। कोविड के साये में 2021 में हुए पिछले कुंभ के लिए सात सौ करोड़ रुपए का बजट रखा गया था। जबकि 2027 के आसन्न अर्धकुंभ के लिए 1224 करोड़ का परिव्यय प्रस्तावित है। यह इन महामेलों का अबतक के इतिहास का सर्वाधिक बजट है। केंद्र ने इसके लिए अबतक पांच सौ और राज्य सरकार ने दो सौ करोड़ रुपए जारी भी कर हैं।

## 2004 में बच गया था बजट

**हरिद्वार।** कुंभ, अर्धकुंभ के इतिहास में अभीतक ऐसा केवल एक अपवाद वर्ष 2004 में रहा है, जबकि कुल 212 करोड़ के बजट में से दो सौ करोड़ ही खर्च हुए और 12 करोड़ रुपए बच गए, जो बाद में शासन को वापस भेज दिए गए। रोचक बात ये भी है कि तत्कालीन नारायण दत्त तिवारी सरकार के कार्यकाल में हुए इस अर्धकुंभ में अधिकाधिक स्थाई काम हुए। जिनमें मेलों पर्वों के लिए स्थायी मेला नियंत्रण टावर (सीसीआर), हरिद्वार मेला चिकित्सालय, हरकीपैड़ी-चमगादड टापू पुल, भूपतवाला विधुत उप गृह, दो एसटीपी का निर्माण प्रमुख है। यह निर्माण आज भी उपयोग में हैं।

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अपहृत नाबालिग को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस के अनुसार 20 फरवरी को वादी निवासी मितौली, उत्तर प्रदेश की लिखित तहरीर पर उनकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान प्रकाश में आए आरोपी सतीश पुत्र मोतीलाल, निवासी ग्राम गंगापुर, तहसील मिश्रीक, थाना सदना, जिला सीतापुर यूपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध अपहरण एवं दुष्कर्म की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक संजय चौहान, महिला हे.कां. उमा सरोहा व हे.कां. संजय आदि शामिल रहे।

## सूचना ( नाम परिवर्तन )

मैंने अपना नाम रंजू सैनी से बदलकर रंजीता सैनी रख लिया है। भविष्य में मुझे रंजीता सैनी के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये। रंजीता सैनी पत्नी श्री सुनील सैनी, निवासी मकान नं. 170, ज्ञानलोक कॉलोनी, कनखल, हरिद्वार।


हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

**शाह टाइम्स हरिद्वार**

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# तो क्या सहसपुर में होने जा रहा कुछ नया

**■ भाजपा का नया चुनावी फार्मूला: रिपोर्ट कार्ड की कसौटी पर होगा प्रत्याशी का चयन**

**एस.एम. आसिम**

**विकासनगर।** उत्तराखंड की राजनीति में चुनावी हलचल अब खुलकर दिखाई देने लगी है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, सभी दल अपनी-अपनी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। लेकिन इस बार सबसे ज्यादा चर्चा जिस विषय को लेकर है, वह है भाजपा का नया चुनावी फार्मूला। कोर कमेटी की हालिया बैठक के बाद पार्टी ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव केवल परंपरागत समीकरणों के आधार पर नहीं, बल्कि "परफॉर्मेंस और विनबिलिटी" के आधार पर लड़े जाएंगे। भाजपा ने इस बार प्रत्याशी चयन के लिए बहुस्तरीय सर्वे, संगठनात्मक फीडबैक और जमीनी रिपोर्ट को आधार बनाने का निर्णय लिया है। मौजूदा विधायकों का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जा रहा है, जिसमें उनके क्षेत्र में विकास कार्य, जनता से संपर्क, संगठन के प्रति सक्रियता और सरकार की योजनाओं को लागू कराने की भूमिका को परखा जाएगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार, केवल वरिष्ठता या पुराने राजनीतिक समीकरण टिकट की गारंटी नहीं होंगे। यदि किसी सीट पर एंटी-इनकंबेंसी की स्थिति पाई जाती है या सर्वे में कमजोर प्रदर्शन सामने आता है, तो वहां नए चेहरे को मौका दिया जा सकता है। यही कारण है कि कई मौजूदा विधायकों की टिकट को लेकर अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है।

## सहसपुर में उभरता समीकरण बदलाव संभव

सहसपुर विधानसभा क्षेत्र इन दिनों विशेष चर्चा में है। यहां युवा नेता और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर का नाम तेजी से उभर रहा है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, मीडिया और जनसंपर्क में उनकी प्रभावी उपस्थिति तथा युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता उन्हें एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर रही है। हाल ही में सहसपुर में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खुले मंच से नवीन ठाकुर की सराहना ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा को जन्म दिया। इसे केवल औपचारिक प्रशंसा नहीं, बल्कि संभावित राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।

## संगठनात्मक अनुभव और चुनावी भूमिका

नवीन ठाकुर ने केवल प्रदेश स्तर पर ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भी पार्टी के प्रचार अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इससे उन्हें चुनावी रणनीति, बूथ प्रबंधन और जमीनी संगठन की कार्यप्रणाली का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा का नया फार्मूला ऐसे ही नेताओं की तलाश में है जो संगठन के प्रति समर्पित हों, जनता के बीच सक्रिय हों और चुनावी समीकरणों में सकारात्मक ऊर्जा भर सकें।

## बदलाव के संकेत, नई रणनीति या खतरे की घंटी

भाजपा का यह नया मॉडल साफ तौर पर संकेत देता है कि आने वाला चुनाव केवल परंपरागत चेहरों का नहीं, बल्कि प्रदर्शन और जनस्वीकार्यता का होगा। सर्वे और रिपोर्ट कार्ड आधारित चयन प्रक्रिया से जहां पार्टी आंतरिक अनुशासन और प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना चाहती है, वहीं जनता के बीच भी एक सकारात्मक संदेश देना चाहती है कि टिकट उसी को मिलेगा जिसने जमीन पर काम किया है। सहसपुर की राजनीति में नवीन ठाकुर का नाम जिस तेजी से चर्चा में आया है, वह इस बदलती रणनीति का उदाहरण माना जा रहा है। अब अंतिम निर्णय पार्टी नेतृत्व के हाथ में है, लेकिन इतना तय है कि भाजपा का नया चुनावी फार्मूला कई समीकरणों को बदल सकता है और उत्तराखंड की सियासत में नए अध्याय की शुरुआत कर सकता है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि इस चुनाव में युवा चेहरों को प्राथमिकता मिल सकती है।

# डाकपत्थर महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

**■ वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड विभाग में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड. विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम "विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति" रही, जिसके माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका और योगदान को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रयोगों का आकर्षक प्रदर्शन किया तथा देश के महान वैज्ञानिकों के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। प्रदर्शनों के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह दर्शाया कि विज्ञान केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं, बल्कि हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। प्राचार्य प्रो. नेगी ने कहा कि विज्ञान ने विकास के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति कर मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है। महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक प्रो. आर. एस. गंगवार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भारत प्राचीन काल से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाला देश रहा है। हमारे वेद-पुराणों में अनेक वैज्ञानिक खोजों और सिद्धांतों का उल्लेख मिलता है, जो हमारी समृद्ध वैज्ञानिक परंपरा को दर्शाता है।

इस अवसर पर इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. रूचि बहुखण्डी, प्रिंसी कर्णवाल, डॉ कविता बडोला, दीपमाला धीमान, श्रीमती अनिता, जे पी  नौगाईं, अभिषेक गौड़, विमल डबराल, आवेश कुमार एवं छात्र छात्राओं में सीमा, अंशिका, इशिका, सपना, दिव्या, शिवानी, विशाखा, अंजलि साक्षी, दीपिका, पूजा, काजल , सुषमा, अमीषा, अंजली, नेहा, दिव्यांशु, सुशील, गौरव आदि उपस्तिथ रहे।

# पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026 में डॉ. पूजा गौड़ को नवाचार सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** पूसा कृषि विज्ञान मेला 2026 के अवसर पर डॉ. पूजा गौड़ को भारत सरकार के कृषि एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा उनके नवोन्मेषी कार्यों के लिए प्रतिष्ठित नवाचार पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया।

डॉ. गौड़ ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी किसान भाइयों और बहनों का है, जो उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा, "आईटी क्षेत्र में मुझे कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, लेकिन किसानों के हित में किए गए कार्यों के लिए मिला यह सम्मान मेरे लिए विशेष संतोष और आत्मिक आनंद का विषय है।"

उन्होंने कि किसानों और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना ही उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य है। "यदि मैं अपने प्रयासों से किसानों और महिलाओं के जीवन में सुधार ला सकूं, तो यही मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य होगा। उन्होंने कहा। पूसा कृषि विज्ञान मेला देशभर के कृषि वैज्ञानिकों, प्रगतिशील किसानों और नवाचारकर्ताओं का प्रमुख मंच है, जहां आधुनिक तकनीक, अनुसंधान और सफल प्रयोगों का प्रदर्शन किया जाता है।

## आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट्स मीट का सफल समापन

**देहरादून।** आईएमएस यूनिसन यूनिवर्सिटी का तीन.दिवसीय ऐनुअल स्पोर्ट्स मीट 2026 उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। अंतिम दिन महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज (एम.पी.एस.सी.) में लड़कों और लड़कियों के क्रिकेट फाइनल आयोजित किए गए, जबकि बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और शतरंज जैसी इनडोर प्रतियोगिताएँ विश्वविद्यालय परिसर में हुईं। पूरे दिन छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ ने खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कुल. पति प्रो. अनिल सुब्बाराव पायला और माननीय प्रो वाइस चांसलर प्रो. अनीता रामचंद्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, टीमवर्क और खेलों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने किया परिचय एवं स्वागत गोष्ठी का आयोजन

**■ पार्टी की रीति नीति और सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना सभी की जिम्मेदारी: वीरता**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा, जिला देहरादून ग्रामीण द्वारा जिला कैंप कार्यालय में एक भव्य परिचय एवं स्वागत गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरता गुरु ने की।

बैठक का उद्देश्य नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत, परिचय एवं संगठनात्मक दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। इस अवसर पर जिला महामंत्री यशपाल सिंह नेगी ने पार्टी की केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारियों को दी। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीति-नीति और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष वीरता गुरु ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए कहा कि संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी का स्थान समान रूप से महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि "आप सभी अपने-अपने क्षेत्र के जिला अध्यक्ष हैं,

कोई भी पदाधिकारी स्वयं को कम न समझे। संगठन की मजबूती आप सभी की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है। इस अवसर पर जिला महामंत्री एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौड़, जिला महामंत्री नरेंद्र तोमर, जिला मंत्री योगेश राठौर, जिला मंत्री पुष्पा गुरुग, जिला मंत्री मनोज धीमान, कोषाध्यक्ष विपिन रावत, कार्यालय मंत्री मीनाक्षी राठौर, जिला सोशल मीडिया संयोजक विनोद क्षेत्री, जिला सोशल मीडिया सह-संयोजक अभिनंदन थापा, जिला आईटी संयोजक सनी धीमन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चकराता छावनी में बिजली के तारों का जंजाल दे रहा हादसे को न्योता

**■ मोहल्ले के निवा. सियों ने संबंधित विभाग से की तत्काल कार्रवाई की मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता छावनी क्षेत्र के वार्ड संख्या 6 में बिजली के तारों का खतरनाक जंजाल लोगों के लिए चिंता का कारण बना हुआ है। मोहल्ले के बीच रास्ते में फैले ये लटकते तार कभी भी बड़ी दुर्घटना को जन्म दे सकते हैं। स्थानीय प्रदीप जोशी,सुनील जोशी,हरचरण सिंह,आदि लोगों के अनुसार, जिस स्थान पर तारों का जाल बना हुआ है,

वहां से प्रतिदिन बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में खुले और नीचे लटकते बिजली के तार गंभीर हादसे का कारण बन सकते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह स्थिति विभागीय लापरवाही को दर्शाती है और समय रहते इसे ठीक न किया गया तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है। मोहल्ले के निवा. सियों ने संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, ताकि संभावित खतरे को टाला जा सके। इस संबंध में दूरभाष पर संपर्क करने पर चकराता उपखंड के जूनियर इंजीनियर अश्वनी कुमार ने बताया कि उक्त तारों को बंदरों द्वारा खींचे जाने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही मौके पर टीम भेजकर तारों को व्यवस्थित कर दिया जाएगा।

# आरएसएस ने किया विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**■ देश तभी सुरक्षित जब तक हिंदू सुरक्षित: बलिराम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने अवसर पर देशभर हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में आरएसएस विकासनगर के तत्वाधान में आज हरबर्टपुर में विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में सर्वप्रथम देशभक्ति से ओतप्रोत गीत, पारंपरिक प्रस्तुतियां का प्रदर्शन हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलिराम पटेल ( अखिल भारतीय सह सामाजिक सद्भाव प्रमुख ), प्रीति शुक्ला (प्रांत सह प्रमुख मातृ शक्ति  विश्व हिंदू परिषद) तथा श्रद्धेय स्वामी योगेश्वरानंद ( वैदिक साधन आश्रम तपोवन ऋषिकेश) का संबोधन हुआ। बलिराम पटेल ने बताया कि यही हिंदू सम्मेलन सकल सनातनी समाज को संगठित होने, देशप्रेम का भाव प्रत्येक भारतवासी में जगे इस उद्देश्य को लेकर ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विगत सौ वर्षो से विपरीत परिस्थिति में कार्य करता आया है। देश तभी सुरक्षित है जब तक देश का हिंदू सुरक्षित है। देश की एकजुटता से से भारत पुन: विश्व गुरु बन सकता है। श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि सभी देश वासी अपने कुटुम्ब के सदस्य गणों के निरंतर संवाद, चर्चा वार्ता में रहे, पर्यावरण की चिंता करे, स्वदेशी का प्रयोग करे तथा प्रत्येक नागरिक देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करे। सम्मेलन में सनातनी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ठ योगदान देने वाले 15 सनातनीयों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम में राहुल शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक संतोष रावत, देवराज, रविंद्र चौहान, सौरभ, संदीप महावर, कुलदीप कुमार, मुन्ना सिंह चौहान, नीरु देवी, संजू राणा, रामपाल, विनोद कश्यप, गिरिराज शर्मा, कुलदीप सैनी, मुदित आदि मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण का सूचित किया जाता है कि मेरे पिताजी स्व. कोकिलानंद भट्ट के नाम ग्राम/मौजा त्रियुगीनारायण रा०उ०नि० क्षेत्र फाटा तहसील ऊखीमठ जनपद रुद्रप्रयाग के खतौनी खाता संख्या 99 हाल खतौनी खाता संख्या 90 (नब्बे) में खसरा संख्या 1548 रकवा (Area) 0-011 है0 (नौ मुट्ठी) भूमि जरिये बयानामा रजिस्ट्री जो कि बही नं० 01 जिल्द 33 के पृष्ठ 5 व 6 पर क्रमांक 385-I-83 पर दिनांक 21/11/1983 को दर्ज है, जिसका खेत नम्बर/खसरा संख्या 1548 दर्ज है। मेरे पिताजी की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। उक्त भूमि का विरासती दा०खा० मु० आदेश सु०का० गुप्तकाशी के दिनांक 16/01/2017 को मेरे संजय दत्त भट्ट व मेरी माता श्रीमती जेठी देवी के नाम दर्ज है जिनका मैं एकलौता वारिश हूं। यह रजिस्ट्री वर्तमान में लेमिनेटेड (Laminated) है जिससे मैं उत्तराखंड ग्रामीण बैंक शाखा गुप्तकाशी से ऋण लेना चाहता हूं।

यदि किसी को उक्त प्रकरण पर आपत्ति हो तो सूचना तिथि के 15 दिन के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्ति को उत्तराखंड ग्रामीण बैंक गुप्तकाशी जपनद रुद्रप्रयाग में अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

**संजय दत्त भट्ट पुत्र**
**स्व. कोकिलानंद भट्ट**
**ग्राम/पोस्ट- त्रियुगीनारायण,**
**तहसील- ऊखीमठ,**
**जनपद- रुद्रप्रयाग**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मन्दाकिनी ( अगस्त्यमुनि )

पत्रांक 1945/लेखा-01/खनन न्यास निधि/2025-26 दिनांक 25.02.2026

**निविदा सूचना संख्या-03/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि के अन्तर्गत, जिलाधिकारी महोदय रूद्रप्रयाग के आदेश संख्या 1096/30-12(पार्ट-7) (2024-25) दिनांक 19 जनवरी 2026 के द्वारा प्राप्त स्वीकृति के क्रम में निम्न योजनाओं के निर्माण कार्य कराये जाने हेतु, इस कार्यालय के पत्र संख्या 1680 दिनांक 28-01-2026 के द्वारा निविदायें आमंत्रित की गई थी, जो अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई। पुनः विकास खण्ड कार्यालय अगस्त्यमुनि में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07 मार्च 2026 को समय 02.00 अपरान्ह तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं को विकास खण्ड की गठित समिति द्वारा दिनांक 07 मार्च 2026 को समय 03:00 बजे अपराह्न में खोला जायेगा। न्यूनतम दर पर निर्माण कार्य कराये जाने वाले ठेकेदार को अनुबंध हेतु आमंत्रित किया जायेगा। निविदा प्रपत्रों की बिकी दिनांक 06 मार्च 2026 को सायः 05.00 बजे तक निर्धारित की गई है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | वित्तीय वर्ष | मद का नाम | धरोहर धनराशि (रू० में) | अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मदोला के भटवाडी से भीम सेन देवता मन्दिर तक सी.सी.मार्ग निर्माण | 2025–26 | खनन न्यास निधि | 19500.00 | 45 दिवस | 1000+ GST |
| 2 | पाण्डव चौक से रा०प्रा०वि०तिलणी तक जाने का रास्ता निर्माण | 2026–26 | खनन न्यास निधि | 14500.00 | 45 दिवस | 1000+ GST |
| 3 | छिनका में घाट पर अतिरिक्त सी.सी.मार्ग कार्य | 2026–26 | खनन न्यारा निधि | 16000.00 | 45 दिवरा | 1000+ GST |
| 4 | ग्राम पचायत फलई में पुराने पंचायत भवन से प्रा०वि०/आंगनवाडी/जू०हा०स्कूल/मतदान केन्द जाने वाले रास्ता निर्माण | 2026–26 | खनन न्यारा निधि | 33000.00 | 45 दिवरा | 1500+ GST |
| 5 | ग्राम पंचायत फलई मे बेढूबगड नामक तोक में खेल मैदान कार्य एव समतली कार्य | 2026 26 | खनन न्यास निधि | 26500.00 | 45 दिवस | 1000+ GST |
| 6 | ग्राम पचायत सारी के बगडवाल धार से बिजराकोट तक सम्पर्क मार्ग निर्माण कार्य | 2026–26 | खनन न्यारा निधि | 32500.00 | 45 दिवस | 1500+ GST |
| 7 | ग्राम पंचायत सारी के क्वारचा तोक से बगरिल तक सी.सी.मार्ग निर्माण। | 2026–26 | खनन न्यास निधि | 25000.00 | 45 दिवरा | 1000+ GST |

निविदा से सम्बन्धित शर्तो के सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय मे उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**सुरेश शाह**
**खण्ड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि**

## उत्तराखण्ड जल संस्थान

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड पुरोला, उत्तरकाशी**

दूरभाष नं.:- 01373297115 ई-मेल:- ujspurola@gmall.com

पत्रांक 1194/निविदा/2025-26 दिनांक 26.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से निम्नानुसार यात्रामार्ग (डामटा से श्री यमुनोत्री धाम तक) पेयजल योजनाओं के सुदृढीकरण एंव तत्सम्बन्धी कार्य हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान, पुरोला में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित अन्तिम तिथि अपरान्ह 5:00 बजे तक विक्रय किये जाएंगे। निविदा खोलने की तिथि पर डाक से प्राप्त निविदायें जो दोपहर 14.30 तक प्राप्त हो जायेगी, उन पर ही विचार किया जायेगा तथा 15:30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा प्रतिनिधि द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | विकासखण्ड का नाम | पेयजल योजना एंव कार्य का नाम | कार्य पूर्ण करने की अवधि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य +18% GST | निविदा विक्रय की अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नौगांव | डामटा से जानकी चट्टी (सडक मार्ग) तक की पेयजल योजनाओं के सुदृढीकरण एंव तत्सम्बन्धी कार्य। | 30 दिन | 30,000.00 | 1770.00 | 11.03.2026 | 13.03.2026 |
| 1 | नौगांव | जानकी चट्टी से श्री यमुनोत्री धाम (पैदल मार्ग) तक की पेयजल योजनाओं के सुदृढीकरण एंव तत्सम्बन्धी कार्य। | 30 दिन | 30,000.00 | 1770.00 | | |

**अन्य नियम व शर्ते:-**

1. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो, संशोधित सूचना इस कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है, संशोधित सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जाएगा।

**अधिशासी अभियन्ता**

# सर्विकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन का शुभारम्भ

## कार्यक्रम में राज्यपाल, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, क्षेत्रीय विधायक खजानदास रहे मौजूद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** ।उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से किया। जिला चिकित्सालय (गांधी शताब्दी) देहरादून में एच.पी.वी. टीकाकरण का शुभारम्भ राज्यपाल ले.ज. (से.नि.) गुरमीत सिंह , स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल , क्षेत्रीय विधायक खजानदास एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



मॉडल टीकाकरण केन्द्र में समस्त अतिथियों की उपस्थिति में किशोरियों को एच.पी.वी. टीके की खुराक दी गयी। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय द्वारा किशोरियों एवं उनके अभिभावकों से वार्तालाप किया गया। उत्साहित किशोरियों एवं अभिभावकों ने अपना अनुभव राज्यपाल से साझा किये। शनिवार को मॉडल टीकाकरण केन्द्र, देहरादून में कुल 29 किशोरियों को एचपीवी टीकारण की खुराक दी गयी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव सचिन कुर्वे, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ सुनीता टम्टा, मिशन निदेशक एन.एच.एम. मनुज गोयल, एन.एच.एम. निदेशक डॉ रश्मि पंत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ मनु जैन, राजकीय दून मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ गीता जैन, राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ कुलदीप मार्तोलिया, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन.एच.एम. डॉ बिमलेश जोशी, गांधी शताब्दी चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल आर्य, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ दिनेश चौहान, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ निधि रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गुंज्याल, यूएनडीपी से डॉ विशाल, जिला सहा प्रतिरक्षण अधिकारी यज्ञदेव थपलियाल, मॉडल टीकाकरण केन्द्र की एएनएम गीता सहित क्षेत्रीय लाभार्थी बालिकाओं के परिजन, आशा कार्यकत्रियां एवं स्थानीय जनमानस उपस्थित रहे।

### कौन है पात्र लाभार्थी?

यह टीका सिर्फ बालिकाओं के लिए उपलब्ध है। ऐसी बालिकाएं जो 14वां जन्मदिन मना चुके हैं, उन्हें 15वें जन्मदिवस से पूर्व यह टीका लगाया जा रहा है।

### टीका कहां उपलब्ध है?

यह टीका आपके नजदीकी सरक. ारी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं टीकाकरण केन्द्रों पर उपलब्ध है।

### निशुल्क मिलेगा टीका

यह टीका भारत सरकार की ओर से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया है, जो नि:शुल्क उपलब्ध है।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष पर प्रभावी लगाएं रोक: सीएम

**■ सीएम धामी ने हल्द्वानी में की कानून व्यवस्था व विकास कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को एफटीआई सभागार, हल्द्वानी में कानून व्यवस्था एवं जनपद में संचा. लित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी एवं समन्वय के साथ पूरे किए जाएं।



मुख्यमंत्री ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने सभी संवेदनशील स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए जाने, सोलर फेंसिंग व तारबाड़ प्रणाली को मजबूत करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को ठोस एवं कारगर उपाय अपनाने के लिए कहा, ताकि जनहा. नि और फसलों को होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके।

वनाग्नि की रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने फायर लाइन (अग्निरोधक खाइयों) को दुरुस्त रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने, रेंजवार मॉनिटरिंग करने और जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वनाग्नि की किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के मंडल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**विकास कार्यों में समन्वय और जवाबदेही पर जोर:** हल्द्वानी शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्य आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं, अत: निर्माण कार्यों के दौरान जनता को अनावश्यक असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और जवाबदेही के साथ करें। कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विभाग आपसी जिम्मेदारियों को एक-दूसरे पर न डालें और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हों।

# साकेती का निधन, पत्रकारिकता साहित्य जगत की अपूर्णनीय क्षति : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा परिवार ने शनिवार को राज्य संगठन की विचार पत्रिका देवकमल के संपादक एवं वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार दिवंगत राम प्रताप मिश्रा 'साकेती' को भावभीनी श्रद्धांजली दी है। इस अवसर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने साकेती के देहावसान को पत्रकारिकता, साहित्य जगत के साथ पार्टी विचार प्रवाह की भी अपूर्णनीय क्षति बताया है। वही श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार , प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमोहन रावत के संचालन में हुई इस सभा में प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक प्रेमच. ंद अग्रवाल, महापौर सौरभ थपलियाल, श्रीमती विनोद उनियाल, मधु भट्ट, डॉ गीता खन्ना, हेमराज बिष्ट, डाक्टर देवेंद्र भसीन, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, विनय गोयल, डा आदित्य कुमार, प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, डॉ इंदुबाला आदि मौजूद रहे।



■ भाजपा परिवार ने वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार 'साकेती' को दी भावभीनी श्रद्धांजली

# यूपीईएस में अंतर्राष्ट्रीय युवा शोधार्थी सम्मेलन का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस में चौथे अंतरराष्ट्रीय युवा शोधार्थी सम्मेलन 2026 का सफल समापन हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन 26 से 28 फरवरी तक परिसर में आयोजित किया गया।

सम्मेलन का आयोजन विश्व. विद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रभाग तथा अंतरविषयी अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र के सहयोग से किया गया। इसमें युवा शोधार्थी, शिक्षक, उद्योग जगत के विशेषज्ञ और उद्यमी एक मंच पर आए।

सम्मेलन का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में हो रहे शोध कार्यों को प्रदर्शित करना और उद्योग जगत से संवाद बढ़ाना रहा। तीन दिनों तक स्वास्थ्य सेवा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उन्नत प्रौद्योगिकी, डिजाइन एवं सृजनात्मकता, ऊर्जा और पर्यावरण, सामान्य प्रबंधन तथा विधि जैसे विषयों पर चर्चा हुई। संस्थानों के बीच सहयोग, उद्योगख्शैक्षणिक भागीदारी और संभावित वित्तीय सहयोग पर भी विचार हुआ।

आयोजन का नेतृत्व प्रो. अश्विनी नांगिया, प्रो. डी.के. अवस्थी, प्रो. एस.एम. तौसीफ, प्रो. पंकज कुमार, प्रो. आशीष माथुर और डॉ. अरपिट थॉमस ने किया।

# थाल सेवा में शामिल हुए धामी, जरूरतमंदों को स्वयं परोसा भोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में आयोजित थाल सेवा कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए स्वयं थाल सेवक के रूप में जरूरतमंदों को भोजन परोसा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि थाल सेवा केवल भोजन वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि सच्ची जनस. ेवा और मानवीय संवेदनाओं की जीवंत मिसाल है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार हेतु प्रदेश के दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को इस सेवा से बड़ी राहत मिलती है। आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद परिवारों के लिए यह पहल संबल का कार्य कर रही है तथा समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत कर रही है। उन्होंने थाल सेवा से जुड़े सभी स्वयंसेवकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामाजिक पहलें समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं और 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को साकार करती हैं। टीम थाल सेवा के अध्यक्ष उमंग वासुदेवा ने बताया कि यह सेवा कई वर्षों से निरंतर संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंदों को सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा प्रत्येक माह एक दिन थाल सेवा के लिए सहयोग प्रदान किया जाता रहा है, जिससे इस अभियान को निरंतरता और मजबूती मिली है।

कार्यक्रम में टीम थाल सेवा के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

थाल सेवा का यह आयोजन सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है ।

# आचार्य बालकृष्ण एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित

**मोहाली।** भारत एवं विश्व स्तर पर आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसन्धान को बल देने वाले अग्रणी वैज्ञानिक और आयुर्वेदाचार्य, आचार्य बालकृष्ण को राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसन्धान संस्थान (एनआईपीईआर) मोहाली में आयोजित सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलॉजी की 13वीं अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ट्रांसलेशनल रिसर्च इन एथनोफार्माकोलॉजी - इंटेग्रटिंग ट्रैडिशनल मेडिसिन इन मॉडर्न हेल्थकेयर में है, एसएफई उत्कृष्ट राष्ट्रीय एथनो-फार्माकोलॉजिस्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



यह प्रतिष्ठित सम्मान सोसाइटी फार एथनोफार्माकोलॉजी (एसएफई) इंडिया द्वारा एथनोफार्माकोलॉजी एवं पारंपरिक औषधियों के शोध तथा विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शोधकर्ताओं को प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह कोई व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, यह आयुर्वेद और सम्पूर्ण भारत की उपलब्धि है। पतंजलि, आयुर्वेद के उत्थान और जनमानस को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसी दिशा में प्रगतिशील है। पतंजलि द्वारा विकसित 90 से अधिक साक्ष्य-आधारित आयुर्वेदिक दवाइयां और प्राकृतिक उपचार आज लोगों को सुरक्षित तथा प्रभावी स्वास्थ्य विकल्प प्रदान कर रहे हैं। पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोधकार्य प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो रहे हैं, जो आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों तथा पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों पर वैज्ञानिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डा. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण जी की यह उपलब्धि हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद के वैज्ञानिक प्रमाणीकरण और साक्ष्य-आधारित शोधों की दिशा में पतंजलि की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का मजबूत प्रमाण है।

आचार्य बालकृष्ण के नेतृत्व में पतंजलि ने आयुर्वेद को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण में प्रस्तुत करने के लिए अनेक शोध कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि आचार्य बालकृष्ण को उनके शोध कार्यों के लिए अनेक वर्षों से स्टैनफोर्ड विवि और एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित वैज्ञानिकों की सूची में विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में भी सम्मिलित किया जा रहा है। उक्त सम्मान को प्राप्त करते हुए पतंजलि ने इसे आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के विज्ञान-आधारित पुनरुद्धार की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। यह पुरस्कार न केवल आचार्य बालकृष्ण की व्यक्तिगत उत्कृष्टता का सम्मान है, बल्कि भारतीय परंप. रागत चिकित्सा ज्ञान को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के बीच प्रतिष्ठित करने का संकेत भी है।

# सीमांत क्षेत्र दीवाली तक किए जाएंगे रोशन

**देहरादून।** ऊर्जा भवन, मुख्यालय में प्रबन्ध निदेशक, यूपीसीएल की अध्यक्षता में शनिवार को भारत-चीन सीमा से सटे सीमांत क्षेत्रों में संचालित आईटीबीपी की बार्डर आउट पोस्ट तथा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत प्रगति पर चल रहे ग्रिड आधारित विद्युतीकरण कार्यों की विस्तृत एवं तकनीकी समीक्षा की गई। बैठक में निगम मुख्यालय के वरिष्ठ अभियन्तागण, संबंधित वितरण जोन / मण्डल/खण्ड के मुख्य अभियन्ता / अधीक्षण अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता तथा परियोजना सम्बन्धित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं/ठेकेदार एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रबन्ध निदेशक महोदय द्वारा जनपद पिथौरागढ़, चमोली एवं उत्तरकाशी के अन्तर्गत भारत-चीन सीमा के सटे 43 आईटीबीपी की बार्डर आउट पोस्टों तथा वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत चिन्हित 08 सीमावर्ती गांवों के 882 घरों तक ग्रिड आधारित विद्युत आपूर्ति पहुंचाने हेतु किये जा रहे कार्यों व अवसंरचना सृजन की वर्तमान स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में परियोजना के अंतर्गत विद्युत लाइनों के विस्तार, लाइन रूट निर्धारण, पोल एरेक्शन, कंडक्टर स्ट्रिंगिंग, उपयुक्त क्षमता के वितरण परिवर्तकों की स्थापना, एलटी नेटवर्क निर्माण, अर्थिंग एवं सुरक्षा प्रावधानों की प्रगति का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रबन्ध निदेशक महोदय ने निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को चरणबद्ध कार्ययोजना के अनुरूप गति से पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी दीपावली तक संबंधित आईटीबीपी चौकियों एवं चयनित ग्रामों में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# लोक भवन में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में लगाया स्टाल

**देहरादून।** नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स की ओर से संचालित चौरिटी बाजार एवं प्रशिक्षण केन्द्र के माध्यम से महिलाओं व बालि. काओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमे महिलाओं द्वारा नए व पुराने कपड़ो से सामान तैयार किया जा रहा है । जिसको विक्रय कर उसका 25 फीसदी निर्धन बालि. काओं की फीस, विवाह और महिलाओं में उत्पन्न होने वाले हाइजेनिक समस्याओं के इलाज पर खर्च किया जा रहा है। उत्तराखंड लोकभवन में आयोजित तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी मे स्टॉल लगाय गया है जिसमे प्रशिक्षण संस्थान की महिलाओं द्वारा तैयार किये गए उत्पाद, हैंड बैग,फुट मैट, क्लॉथ,हितायु नेचर की ओर से पहाड़ी मेडिशनल, नमक,नमकीन, कांजी, पंचरत्न, निम्बू चटनी, रोस्टेड भट्ट रोस्टेड पीनट्स,अनिका क्राफ्ट की ओर से वॉशेबल ऑइल पेंटिंग्स,कॉस्मेटिक,चोको डीप,ब्राउनी इत्यादि को प्रदर्शनी मे प्रदर्शित किया गया है । संस्था की ओर से बीना शर्मा, कविता खान,अनुराधा भान, अफसाना सुल्तान, कुसुम नौटियाल, अनित सिंघल, मोहिनी धीमान आदि अपनी नि:शुल्क सेवाएं दे रही हैं।

## एक नजर .......

### पुलिस परिवार का अभिन्न अंग रहेंगे सेवानिवृत्त कर्मी: एसएसपी

**देहरादून।** पुलिस लाइन देहरादून में शनिवार को सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देहरादून ने फरवरी माह में अपनी सेवा पूरी करने वाले पाँच पुलिसकर्मियों को भावभीनी विदाई दी।समारोह को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी हमेशा पुलिस परिवार का हिस्सा रहेंगे। उन्होंने कर्मियों को आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए विभाग सदैव उनके साथ खड़ा है। विदाई ले रहे कर्मियों ने अपने सेवाकाल की चुनौतियों और अनुभवों को साझा किया, जिस पर एसएसपी ने उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन अनुभवों से सीख लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। एसएसपी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों को शाल, स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट किए गए। इस दौरान एसपी सिटी, एसपी ऋषिकेश, एसपी विकासनगर सहित सभी क्षेत्राधिकारी और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन मौजूद रहे।



### त्योहारों पर हुड़दंग किया, तो खैर नहीं

**देहरादून।** आगामी होली, ईद और वर्तमान में चल रहे रमजान के पवित्र माह को देखते हुए देहरादून पुलिस अलर्ट मोड पर है। शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसएसपी देहरादून के निर्देश पर जिले के सभी थानों में श्पीस कमेटीश की बैठकों का आयोजन किया गया। इन बैठकों में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि त्योहारों के दौरान अराज. कता फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने शांति समितियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद करते हुए अपील की कि सभी पर्व आपसी सौहार्द और मिलजुल कर मनाएं। त्योहारों के दौरान किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पुलिस की सतर्क दृष्टि रहेगी; भ्रामक खबर या सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट डालने वालों पर तुरंत एक्शन होगासएसएसपी के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इन गोष्ठियों में सीएलजी मेंबर, जनप्रतिनिधियों और सर्वधर्म के संभ्रांत व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। उपस्थित नागरिकों ने पुलिस को अपने बहुमूल्य सुझाव दिए और आगामी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

### इन चीजों के सेवन से रोजे के दौरान रहें एक्टिव

**देहरादून।** पवित्र महीना रमजान इबादत, सोच-विचार और मिल-जुलकर रहने का समय होता है। 30 दिनों तक सुबह से शाम तक रोजा रखना शरीर के लिए थकाने वाला हो सकता है, खासकर माताओं, कॉलेज के विद्यार्थियों और कामकाजी लोगों के लिए जो रोज की जिम्मेदारियाँ भी निभाते हैं।

पूरे दिन ऊर्जा बनाए रखने का सबसे अच्छा तरीका है सही तरीके से और सोच-समझकर तैयार की गई सहरी खाना। दिन भर लगातार ऊर्जा बनाए रखने के लिए इन पांच खाद्य पदार्थों को अपने भोजन में शामिल करें: कैलिफोर्निया बादाम में विटामिन बी2, विटामिन ई, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो भोजन से ऊर्जा मिलने की प्रक्रिया में मदद करते हैं। ये शरीर को स्वस्थ और टिकाऊ ऊर्जा देते हैं, जिससे आप दिन भर सक्रिय रह सकते हैं।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 180 **निविदा सूचना** दिनांक 28.02.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यॉ0) व्यासी डैम जुड्डो, डाकपत्थर यूजेवीएन लिमिटेड, द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा संख्या- 15 / अधि0अभि0(वि0 एवं यॉ0) / व्यासी डैम / 25-26
कार्य / पूर्ति / सेवायें का नाम -व्यासी डैम जुड्डो, देहरादून में लाइटनिंग अरेस्टर सिस्टम को उपलब्ध एवं फिक्स करना
अनुमानित लागत-Rs. 8,75,000.00 + GST
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि - 28 / 02 / 2026 15:00 बजे से।
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि - 23 / 03 / 2026 16:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया www.ujvnl.com देखें।
अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यॉ0) व्यासी डैम जुड्डो
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808, फैक्स : 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com

RO No. 182 **ई-निविदा सूचना** Dated : 28/02/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0), छिबरो विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।
(1)ई0-निविदा सी0एच0(अनु0)-20 / 2025-26 छिबरो विद्युत गृह के 9000 एलपीएम डीवाटरिंग पम्प तथा 4500 एलपीएम ड्रेनेज पम्प हेतु बैरिंग की आपूर्ति का कार्य।
अनुमानित लागत: (1) रू0 12,52,696 / - (जी.एस.टी. अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा उपलब्धता की तिथि :- 28.02.2026, 18:00 बजे
वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :- 22.03.2026, 16:00 बजे
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "http:/uktenders.gov.in" देखें।
अधिशासी अभियन्ता (अनु0), छिबरो
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, देहरादून**
Contact No:- +91-135-2769738 Fax: +91-135-2769738
email: eepmgsydehradun@rediffmail.com

पत्रांक 274 / पी0एम0जी0एस0वाई0 / सिं0ख0-दे0दून / दिनांक: 28 / 02 / 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा लो0नि0वि0 / सिंचाई मे पंजिकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य की मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16.03.2026 तक किसी भी कार्यदिवस में 10:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे सायं तक निर्धारित शुल्क देकर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादूनसे क्रय किये जा सकते है तथा दिनांक **17.03.2026** को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड देहरादून के निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनांक **17.03.2026** को अपराहन 3:30 बजे कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा,उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर धनराशि एन.एस.सी. / डाकघर बचत बैंक पास बुक एवं भारत सरकार में किसी अनुसूचित बैंक की जमा रसीद के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0, सिंचाई खण्ड, देहरादून के नाम से बन्धक हो लगाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100 / -के रेवेन्यू स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ हस्ताक्षर कर संलग्न करना आवश्यक होगा। इसके बिना निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 | निविदा की वैधता अवधि | ठेकेदारों की पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत माल देवता सेरकी मोटर मार्ग में दिनांक 15.09.2025 को माल देवता एवं सहस्त्रधारा क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि के कारण मोटर मार्ग के कि0मी0 7 / 21-7 / 24 के मध्य क्षतिग्रस्त हुए भाग को तत्कालिक रूप से खोलने एवं आवश्यक सुराक्षत्मक कार्य | 4000.00 | 1500+ 18%GST | | श्रेणी "डी" व उच्चतर |

**सामान्य शर्तें**

निविदा सम्बन्धी शर्ते प्रपत्र जी0पी0डब्ल्यू0-8, जी0पी0डब्ल्यू0-9 व निविदा प्रपत्र एम0एफ0 83, 79 / 97 तथा मैन्यूअल फॉर्म-69 / 70 एवं शासनादेश संख्या-2611 / 111(2) 07-75 (सा0) / 2000 दिनांक 26.10.2007 के अनुसार मान्य होंगी। तथा समस्त शर्ते एवं प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एसवाई0, सिंचाई खण्ड
6- इन्दिरा नगर, देहरादून

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी नं0: UA40109UP2001SGCO25867/2358, वि.क्रा.वि. गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून-248001, फोन: 0135-2763672-76, वेबसाईट www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी. पी.-II/20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर / एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पाँच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से निस्तारित किया जाता है। इस पैकेज की ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 16.03.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 17.03.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा।
अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेवसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।
अधीक्षण अभियन्ता
No.: 166/EE(CM)/UPCL/A-2 Date: 28.02.2026 कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)
राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब को प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912)
"विद्युत बिलों के 24X7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 18001804185 / फैक्स नं. 0135-2760911 पर दें)

**सार्वजनिक सूचना**

मेरी पुत्री **रीतु कुमारी** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **रीतु कुमारी** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में रीतु कुमारी के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगी।
**प्रमोद कुमार** पुत्र स्व0 रघुवीर सिंह
निवासी- ग्राम जोंनामई तहसील जसराना जनपद फिरोजाबाद, उ0प्र0-215126, हाल निवासी- 79, शिव मन्दिर, राजीव नगर कॉलोनी, गोविन्दपुरी हरिद्वार परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार-249401.

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### लक्सर विधायक ने विज्ञान प्रदर्शनी व जन-संवाद कार्यक्रमों में की शिरकत

# पूरा क्षेत्र मेरा परिवार, खुशहाली प्राथमिकता : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ष्सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है और परिवार के हर सदस्य की खुशहाली मेरी प्राथमिकता है।ष इन शब्दों के साथ लक्सर विधायक ने आज क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक और व्यक्तिगत कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर जनता सेसीध ासंवादकियाशिक्षा और नवाचार पर जोरदिन की शुरुआत नगर पंचायत सुल्तानपुर से हुई, जहाँ विधायक जी ने डॉ. नावेद इसरार के शिक्षण संस्थान श्द जीनियस स्कूलश में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। नन्हे वैज्ञानिकों के मॉडल्स देख उन्होंने सराहना करते हुए कहा



कि आज के बच्चे ही कल के वैज्ञानिक बनकर देश का नाम रोशन करेंगे।जनता का स्नेह और समस्याओं का समाधानइसके पश्चात, ग्राम कबूलपुरी रायघटी पहुँचने पर प्रधान सुखलाल चौहान और सुभाष चौहान द्वारा भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों के अपार प्रेम से अभिभूत विधायक जी ने इसके बाद अपने कैंप कार्यालय पर जनता दरबारश लगाया। क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।सामाजिक जुड़ाव और आत्मीयताराजनीति से इतर, विध ायक जी ने क्षेत्रवासियों के साथ निजी सुख-दुख भी साझा किए। उन्होंने:लक्सर नगर पालिका निवासी श्री भूपेंद्र निगम जी के माता-पिता को उनकी 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर उनके निवास पहुँचकर बधाई दी।बीमार चल रहे श्री मेहंदी रत्ता जी से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# केवी-1 में हर्षोल्लास से मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, रुड़की में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह, गरिमा एवं वैज्ञानिक चेतना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में प्रातः सभा मंच पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के माननीय प्रधानाचार्य श्री चन्द्र शेखर बिष्ट जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक सुधांशु वर्मा, टीजीटी (विज्ञान) थे, जिन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, प्रयोगधर्मिता तथा नवाचार की भावना विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक तार्किक पद्धति है जो अंध विश्वास को समाप्त कर प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात नोबेल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक श्री सी वी रमन के चित्र पर मुख्य अतिथि एवं उपस्थित शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पीजीटी (जीवविज्ञान) श्री अरविंद गुप्ता जी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संदेश दिया। उन्होंने अपने संबोध न में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने, पर्यावरण संरक्षण में विज्ञान की भूमिका समझने तथा अनुसंधान एवं नवाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रश्न पूछना ही वैज्ञानिक बनने की पहली सीढ़ी है। प्रधानाचार्य सी. एस. बिष्ट ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीन आविष्कार करने तथा "सीखो और करके दिखाओ" की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच ही विकसित भारत की आधारशिला है। इस पावन अवसर पर विद्यालय के अधिकांश शिक्षकगण उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी ने वैज्ञानिक चेतना, नवाचार और राष्ट्रहित में विज्ञान के सदुपयोग का संकल्प लिया।

# लक्सर पुलिस ने दबोचा नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी

**शाह टाइम्स संवाद दाता**

**लक्सर।** पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद क्षेत्र से फरार होने की योजना बना रहा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

घटना का विवरण-मामला दिनांक 26 फरवरी 2026 का है, जब सुल्तानपुर आमदपुर निवासी श्रीमती रुबी सैनी ने कोतवाली लक्सर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, अभियुक्त सोहन ने उनकी 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर गाली-गलौज की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया।पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारीवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए लक्सर पुलिस ने अभियुक्त की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए छिप रहा था और शहर छोड़ने की फिराक में था।दिनांक 27 फरवरी 2026 को पुलिस टीम ने सटीक मुखबिरी और तकनीकी सहायता के आध ार पर अभियुक्त सोहन को सुल्तानपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कानूनी प्रक्रिया के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।विवरण एक नजर मेंमुकदमा अपराध संख्या: 202/26 ध ाराएं: 64 (2) (उ), 65 (1) बी.एन.एस. एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट लगायी। गिरफ्तार अभियुक्त: सोहन पुत्र जगपाल, निवासी- सुल्तानपुर आमदपुर, लक्सर। पुलिस टीम का सराहनीय काय ेइस गिरफ्तारी में निम्नलिखित पुलिस कर्मियों की मुख्य भूमिका रही: म.उ.नि. प्रियंका नेगी कोतवाली लक्सर कानि. किशोर नेगी कोतवाली लक्सर होमगार्ड सरस्वती कोतवाली लक्सर आदि शामिल रहे।

### उत्तराखंड ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न

# योगेश निर्विरोध अध्यक्ष, विनीत बने प्रदेश महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एसोसिएशन का प्रांतीय चुनाव सर्वसम्मति से सकुशल सम्पन्न हो गया। प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर संगठन की एकता और मजबूती का संदेश स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

चुनाव परिणामों के अनुसार, योगेश भारती को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। उनके नाम पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई, जिससे संगठन में आपसी विश्वास और सहयोग की भावना उजागर हुई। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालते हुए योगेश भारती ने कहा कि वे ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की समस्याओं के समाधान, सेवा शर्तों में सुधार और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। वहीं, हरिद्वार जिले में तैनात विनीत कुमार गौड़ को प्रदेश महामंत्री पद की जिम्मेदारी





सौंपी गई। उन्होंने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भरोसा दिलाया कि वे सभी जिलों के सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन की आवाज को शासन स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएंगे। इस सफल चुनाव के साथ संगठन ने एक बार फिर एकजुटता का परिचय दिया है और आशा जताई जा रही है कि नई कार्यकारिणी ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों के हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिले में तैनात ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विनीत कुमार गौड़ को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। वे पूर्व में 4 बार जिलाध्यक्ष और 2 बार जिला महामंत्री के पद पर 12 साल से संगठनात्मक राजनीति में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब उन्हें प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे तथा सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे।

### उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने

# नारसन खंड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन की नारसन ब्लॉक इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने नव नियुक्त खंड शिक्षा अधिकारी आकांक्षा राठौर को होली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी की पदोन्नति के उपरांत यह पद रिक्त चल रहा था, जिसका चार्ज हाल ही में आकांक्षा राठौर को सौंपा गया है।

प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा रंगों के पर्व होली की बधाई दी। इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में ब्लॉक के शैक्षिक कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी। जिला कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा ने अपने वक्तव्य में नारसन विकास खंड की भौगोलिक एवं कार्यगत



परिस्थितियों से अवगत कराते हुए कहा कि यह क्षेत्र विस्तृत ग्रामीण परिवेश वाला है, जहां विद्यालयों की दूरी, संसाधनों की उपलब्धता तथा शिक्षकों की तैनाती जैसी चुनौतियां निरंतर बनी रहती हैं। उन्होंने अपेक्षा जताई कि नवागत खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में शैक्षिक गुणवत्ता, शिक्षक प्रशिक्षण और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ किया जाएगा। खंड शिक्षा अधि कारी आकांक्षा राठौर ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी शिक्षकों के सहयोग से शैक्षिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर तरुण चौहान, अब्दुल कादिर, सफक्कत अली,नदीम अहमद, मनोज शर्मा,तेजवीर सैनी, शरद शर्मा,कल सिंह राठौर, अमरीश वर्मा,जगमोहन राणा,जतिन शर्मा, आलोक सिंह,रविन्द्र कुमार, मासूम अली। ब्लॉक इकाई के विभिन्न पदाधि कारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती व अंत्योदय के संकल्प का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में आयोजित 'पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' कार्यक्रम में विधायक प्रदीप बत्रा ने प्रतिभाग कर कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और अंत्योदय के संकल्प के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण अभियान में संगठन को सर्वोपरि बताते हुए विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति होते हैं। वे रुड़की में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे। विध ायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान मात्र एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि 'अंत्योदय' के संकल्प को सिद्ध



करने की एक सशक्त कार्यशाला है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित विचारधारा आज भी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग दिखाती है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण और जनसेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करना ही सच्ची राजनीति है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला महामंत्रीगण सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठनात्मक मजबूती और आगामी योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# 45 पाउच अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लक्सर पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को भारी मात्रा में अवैध देशी शराब के साथ धर दबोचा। अभियान औरगिरफ्तारीनशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु गठित पुलिस टीमों ने क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाते हुए दिनांक 27.02.2026 को सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुखबिर की सूचना और सक्रिय गश्त के आध ार पर सुल्तानपुर क्षेत्र से एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 45 पाउच टेट्रापैक माल्टा मार्का देशी शराब बरामद हुई। अभियुक्त का विवरणपकड़े गए अभियुक्त की पहचान सुरेन्द्र (उम्र 65 वर्ष) पुत्र कलिराम, निवासी टिक्कमपुर, सुल्तानपुर (कोतवाली लक्सर) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। मामले का संक्षिप्त विवरण-मुकदमा अपराध संख्या 207/26 संबंधित धारा धारा 60, आबकारी अधिनियम द्यबरामदगी 45 पाउच टेट्रापैक माल्टा मार्का देशी शराबपुलिस टीम मैं कांस्टेबल सतपाल राणा किशोर नेगी शामिल रहे।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अतिकुर्हमान व उसकी पत्नी असमा उर्फ आसमा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने अतिकुर्हमान व असमा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मुशर्रफ पुत्र युनुस नि. ग्राम जलालपुर, कोतवाली रूडकी, जिला हरिद्वार।**

# चेकिंग के दौरान चाकू सहित एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** एसएसपी हरिद्वार' द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को सघन चौकिंग अभियान चलाये जाने के निर्देश निर्गत किए गए हैं। उपरोक्त क्रम में कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत सघन चौकिंग अभियान चलाया गया, चौकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे 'मुनासिब पुत्र स्व० मेहन्दी हसन' निवास - ग्राम चौल्ली शहाबुद्दीन कोतवाली भगवानपुर जिला हरिद्वार को चौकी मण्डावर क्षेत्रान्तर्गत रोककर चैक किया गया तो अभियुक्त मुनासिब के कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया है। अभियुक्त किसी बडी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से मण्डावर क्षेत्र में घूम रहा था। वाद गिरफ्तारी अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# उत्तराखंड के ग्रामीण बाजारों को नई दिशा देगा सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और दूरस्थ क्षेत्रों तक संगठित बाजार व्यवस्था पहुंचाने की दिशा में सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस पहल के तहत राज्य के निर्माताओं, वितरकों, एमएसएमई इकाइयों एवं स्थापित क्षेत्रीय ब्रांड्स को ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी बाजारों में विस्तार का सुनियोजित अवसर प्रदान किया जा रहा है।

प्रदेश के विभिन्न जनपदोंख्र देहरादून, हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी गढ़वाल, अल्मोड़ा सहित अन्य पहाड़ी क्षेत्रोंख्रमें सीएससी नेटवर्क के माध्यम से उत्पादों की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। यह नेटवर्क राज्य के दूरस्थ एवं दुर्गम इलाकों में भी सक्रिय है, जिससे ब्रांड्स को एक विश्वसनीय एवं संगठित वितरण प्रणाली उपलब्ध होगी। सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के अंतर्गत उपभोक्ता एफएमसीजी, डेयरी एवं कृषि उत्पाद, ऑर्गेनिक तथा स्थानीय उत्तराखंडी ब्रांड्स को प्राथमिकता दी जाएगी। इस पहल से न केवल उद्योगों को ग्रामीण बाजारों में विस्तार का अवसर मिलेगा, बल्कि स्थानीय उद्यमियों के माध्यम से स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में सीएससी उत्तराखण्ड के स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक चौहान ने बताया कि यह पहल राज्य के व्यवसायों को बिना भारी



निवेश के एक सशक्त वितरण नेटवर्क से जोड़ने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सीएससी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। इच्छुक व्यवसायी अपने उत्पादों के ऑनबोर्डिंग एवं साझेदारी संबंधी जानकारी हेतु संपर्क कर सकते हैं।

# जाट समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नंद विहार कॉलोनी में जाट समाज की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास और सामाजिक संदेशों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम संयोजक चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को ऐसे संस्कार दिए जाएं, जिससे वे समाज हित में कार्य करते हुए अपने जीवन को सार्थक बनाएं। उन्होंने कहा कि मजबूत समाज की नींव अच्छे संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों पर टिकी होती है। उन्होंने कहा कि सर्व समाज को साथ लेकर आगे बढ़ना ही सच्ची सामाजिक प्रगति है। उन्होंने दहेज प्रथा, नशाखोरी और अन्य कुरीतियों के खिलाफ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया। युवा नेता विवेक चौधरी ने कहा कि युवाओं को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना समय की मांग है। उन्होंने सामाजिक एकता को सबसे बड़ी शक्ति बताया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि सर्व समाज के वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लिया और उनके अनुभवों से प्रेरणा लेने की बात कही।अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों



के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी ने समाज की उन्नति व भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर चौधरी राजेंद्र सिंह,सिसु प्रधान, रवि किसान यूनियन, इंद्रपाल सिंह, उजाला सिंह, सुधीर चौधरी, ऋषिपाल मास्टर, सुरेश मालिक, सुभाष चौधरी, सतेंद्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, डॉक्टर आलोक, बालेंद्र राठी, बिट्टू राठी, नितेश चौधरी, शक्ति चौधरी, प्रिंस चौधरी, कन्हैया चौधरी, प्रहलाद चौधरी, विक्रांत चौधरी, रूपांशु चौधरी, अभिषेक चौधरी, अक्षांश चौधरी, विपुल लोहान, अनिल चौधरी, राहुल चौधरी, जयप्रकाश चौधरी आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने हल्द्वानी को दी 147 करोड़ की योजनाओं की सौगात

## मुख्यमंत्री धामी ने किया 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 147 करोड़ 28.56 लाख की 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 72 करोड़ 38 लाख की लागत से 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 74 करोड 90 लाख 56 हजार की लागत से 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।



■ हल्द्वानी-काठगोदाम श्रोत एवं ट्रीटमेन्ट संवर्धन पेयजल योजना का किया गया भूमि पूजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से नैनीताल जिला विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर तीव्रता से कार्य कर रही है। राज्य प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई ऐतिहासिक निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ.साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है, जिस पर हम संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल.विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, विरासत और पवित्रता से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी में 30 मीटर स्पान के मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में टैक्नोलॉजी लैब, कोटाबाग में नलकूप निर्माण, महादेवपुरम व झलुवाझाला नलकूप, बेलपोखरा नलकूप तथा बैलपडाव में सिंचाई नलकूप का लोकार्पण के साथ.साथ महिला महाविद्यालय में लैब निर्माण, लालकुआ में नलकूपों पर स्टैबलाइजर एवं जलजीवन मिशन के अंतर्गत 14 पेयजल योजनाओं ख्र हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवलातल्ला, भवानसिंह नवाड़, बसन्तपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेड़ा, जयराम परमा, हल्दूचौड़ जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर, बकुटिया पेयजल योजना ख्र के साथ.साथ पशु चिकित्सालय रामगढ़ में भवन निर्माण सहित 23 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अनुपालन में विशेष योजनांतर्गत सहायता (एसपीए) कार्यक्रम में स्वीकृत हल्द्वानी.काठगोदाम श्रोत एवं ट्रीटमेन्ट संवर्धन पेयजल योजना कार्य, जिसकी लागत कुल 15443 लाख रुपये है, का भी भूमि पूजन किया गया।

### इन 16 योजनाओं का हुआ शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने जिन 16 योजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें कसियालेख से धारी मोटर मार्ग, रानीबाग.खुटानी, चाफी.पदमपुरी.धानाचुली, मोतियापाथर.शहरफाटक मार्ग सुधारीकरण, नैनीताल के अनावासीय भवन निर्माण, भेंटी.दियारी.खोली मोटर मार्ग, नशा मुक्ति केंद्र पाण्डे नवाड़ मरम्मत एवं कार्य, नवाबी रोड सीवरेज कार्य, सीवरेज 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, नारीमन तिराहे से गौलापुर तक सड़क मरम्मत, देवरामपुर.गौलागेट सड़क सुधारीकरण, हल्दूचौड़.गौलारोड डीबीएमसी कार्य, चांदनी चौक.घुड़दौड़ तक मार्ग सुधारीकरण, पीपल पोखरा में राइजिंग स्टेशन, हिम्मतपुर.बैजनाथ पीसी कार्य, वृन्दावन विहार एवं चांदनी चौक में पीसी नवनिर्माण, गुसाईपुर में सड़क सुधारीकरण एवं पनचक्की.चौफुला.कठघरिया नहर कवरिंग कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, नैनीताल की सरिता आर्या, नैनीताल दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, शंकर कोरंगा, नवीन लाल वर्मा, दीपक महरा, रेनू अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, कुमाऊँ आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी. सी. एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारत सरकार के एजेंडे के अनुरूप करें बैठक की तैयारी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



■ विभागीय मंत्री ने ली उच्च शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

**देहरादून।** प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को अपने शासकीय आवास पर दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में मार्च माह के द्वितीय सप्ताह में नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मंत्री डॉ. रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तुतीकरण भारत सरकार के एजेंडे के अनुरूप, तथ्यों एवं अद्यतन आंकड़ों पर आधारित तथा परिणामोन्मुखी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की उपलब्धियों, नवाचारों एवं भविष्य की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण में शामिल किया जाए।

डॉ. रावत ने समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों में तैनात फैकल्टी, छात्र संख्या, आधारभूत संरचना, पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों, इंटरनेट सेवाओं, प्रयोगशालाओं एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का विस्तृत विवरण तैयार करने के निर्देश दिए। डॉ रावत ने निर्देश दिए कि 8 मार्च तक सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं 1 अप्रैल तक प्रत्येक विद्यालय में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव उच्च शिक्षा मनुज गोयल, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा दीप्ति सिंह, निदेशक मुकुल कुमार सती, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा आनंद सिंह उनियाल, उप निदेशक दीपक पांडे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पारंपरिक रंगों के साथ मना होली मिलन समारोह

■ जोशी के आवास पर कुमाऊँनी और गढ़वाल के राठ होलियारों ने बिखेरे होली के रंग

■ कैबिनेट मंत्री पारिवारिक सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जमकर थिरके




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** काबीना मंत्री गणेश जोशी ने होली के पावन अवसर पर हाथीबड़कला स्थित अपने आवास में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने मंत्री गणेश जोशी को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और एक-दूसरे को रंगों के इस पर्व की बधाई दी।होली मिलन समारोह में कुमाऊँनी और गढ़वाल के राठ होलियारों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। खड़ी होली की पारंपरिक धुनों पर गाए गए फाग गीतों ने वातावरण को भक्तिमय एवं आनंदमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे होलियारों, छोलिया नृतकों तथा मसकबीन व ढोल-दमाऊँ की गूंजती थापों ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की।कैबिनेट मंत्री जोशी ने भी होलियारों के साथ फाग गाकर एवं नृत्य कर कार्यक्रम का आनंद लिया। उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारी लोकसंस्कृति और परंपराएँ ही हमारी असली पहचान हैं, जिन्हें सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। काबीना मंत्री जोशी ने कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेते हुए आपसी सद्भाव और उल्लास के साथ होली पर्व मनाया।

### मुख्यमंत्री ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन शनिवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड तथा हेलीपेड परिसर में जनप्रतिनिधियों और आमजन से भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न आने दी जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री फरजाना बेगम, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सत्र पर बहानेबाजी के बजाय विपक्ष करे जनमुद्दों पर चर्चा की तैयारी: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने सत्र को लेकर कांग्रेसी आरोपों पर आईना दिखाया कि 4 साल विपक्षी हंगामे का गवाह रहा है सदन। ऐसे में आवाज दबाने, सत्रावधि कम होने या बजट प्रस्तुतिकरण की बहानेबाजी अब काम नहीं आने वाली है। बेहतर है सत्र में जनहित के मुद्दे उठाने की तैयारी करे कांग्रेस विधायक। अन्यथा 27 की परीक्षा में फेल के साथ साथ इस बार उनका जीरो नंबर आना निश्चित है।



■ कहा, सदन में विपक्ष ने 4 साल हंगामा किया, सुधरे नहीं, तो 27 में जीरो आना तय

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सत्र को लेकर कांग्रेसी बयानबाजी को तथ्यहीन और बेबुनियादी बताया है। क्योंकि कांग्रेस और विपक्षी विधायकों का सदन में इन 4 सालों का इतिहास देखें तो वह हंगामों और असंवैधानिक कृत्यों से दागदार है। जो आज सदन में विपक्ष की आवाज दबाने की बात करते हैं, उनके विधायकों को विधानसभा में जब जब अवसर मिला, उन्होंने सकारात्मक चर्चा रोकने के लिए हमेशा सदन को बंधक बनाने का प्रयास किया है। जब चर्चा रोकना संभव नहीं हुआ तो वे सदन से बायकॉट कर भाग गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रवैया सदन में कभी भी जिम्मेदार विपक्ष का नहीं रहा है। जनता के मुद्दे और उनकी समस्याएं उठाने के बजाय, उनके विधायकों का ध्यान किसी भी तरह से मीडिया की सुर्खियां बनने में रहता है। पिछले सत्र में तो उनके द्वारा सभी संवैधानिक मर्यादाओं को तार तार कर दिया गया था, जब उनके विधायक सदन में ही कम्बल ओढ़कर सोते पाए गए थे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, यदि कांग्रेस विधायकों को 5 नहीं 50 दिन भी दे दें तो भी वे जनता के मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं कर सकते। क्योंकि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व भाजपा सरकार शानदार कार्य कर, जनता का विश्वास हासिल किया है। शायद ही कोई विषय हो जिसपर हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट न हो, विपक्ष जरूर कन्फ्यूज्ड रहता है। यही वजह है कि हमेशा हंगाम कर, बहस से भगाकर अपनी पोल पट्टी खुलने से बचना चाहता है। वहीं तंज किया कि गलती कांग्रेस के स्थानीय विधायकों की भी नहीं है, जब उनके आलाकमान गांधी परिवार ही संसद में इसी तरह के कृत्य में जुटा हो। वहां पहले तो उनके नेता राहुल गांधी सदन की बहस में शामिल होने के बजाय विदेश भाग जाते हैं और जब शामिल होते हैं तो असंवैधिक भाषा और अपुष्ट तथ्यों को प्रस्तुत करते हैं। सुधार के लिए टोकने पर सदन को हंगामा मचाकर चलने नहीं देते। ठीक यही परिपाटी कांग्रेस उत्तराखंड में अपनाती आई है और जनमानस की उम्मीदों पर पानी फेरने की कोशिश में लगी रहती है।

# एचपीवी टीकाकरण मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।



■ देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस ( एचपीवी ) टीकाकरण अभियान में मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से वर्चुअल माध्यम से किया प्रतिभाग

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज में स्थापित एचपीवी टीकाकरण कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा एचपीवी टीकाकरण के लिए आई 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं से भी वार्ता की एवं उन्हें इस टीके के लाभ के बारे में अवगत कराया।

मुख्यमंत्र धामी ने कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य कार्यक्रम होने के साथ मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण के इस अभियान की शुरुआत करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध कर दिया है कि उनके लिए नारी सम्मान और सुरक्षा केवल नारा नहीं, बल्कि अटल संकल्प है।इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने भी संबोधित करते हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्या, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, नवीन लाल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी. सी. एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### देशभर में 14 वर्ष की लगभग 1 करोड़ 15 लाख से अधिक किशोरियों को दी जाएगी मुफ्त एचपीवी वैक्सीन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान के अजमेर से प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत देशभर में 14 वर्ष की लगभग 1 करोड़ 15 लाख से अधिक किशोरियों को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में भी इस अभियान के प्रथम चरण में 155 केंद्रों पर व्यापक स्तर पर टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अभियान की सफलता के लिए डॉक्टरों, नर्सों, एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है ताकि कोल्ड-चेन व्यवस्था मजबूत हो।

**कहा, सर्वाइकल कैंसर गंभीर चुनौती बन चुका:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मातृशक्ति के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। भारत में इस गंभीर बीमारी से वर्ष 2024 में ही 78 हजार से अधिक मामले सामने आए, जिसके कारण 42 हजार से अधिक महिलाओं की दुःखद मृत्यु हुई।

# देवभूमि अब बन रही है खेलभूमि: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी फुटबॉल मैदान, लोहियाहेड में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सौजन्य से निर्मित ओपन जिम का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में खेल और फिटनेस से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।



■ सीएम ने लोहियाहेड में किया नवनिर्मित ओपन जिम का लोकार्पण

इसके बाद मुख्यमंत्री ने गांधी फुटबॉल मैदान, लोहियाहेड में आयोजित स्वास्तिक नर्सिंग कॉलेज की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अत्यंत आवश्यक है। खेलों से मन, मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहता है तथा अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर संकल्प और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री फरजाना बेगम, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित स्वास्तिक नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल रुचि अग्रवाल, डॉ. विवेक अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, विद्यार्थी एवं जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 16, 17 व 18 मार्च को सभी 13 जनपदों में होगी मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ सचिव आपदा प्रबंधन ने की तैयारियों की समीक्षा

**देहरादून।** राज्य में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दिनांक 16, 17 तथा 18 मार्च 2026 को उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास अलग-अलग तहसीलों में कराया जाएगा, ताकि जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी आपदा से निपटने की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत किया जा सके।

शनिवार को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी जनपदों के अधिकारियों के साथ मॉक ड्रिल की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जनपदों ने अपने-अपने संभावित सिनेरियो तथा चयनित स्थलों के बारे में जानकारी दी। सचिव सुमन ने बताया कि अब यूएसडीएमए स्वयं मॉक अभ्यासों को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सक्षम हो चुका है। संचार व्यवस्था, चेतावनी प्रणाली, राहत सामग्री की उपलब्धता और उपकरणों की कार्यशीलता की भी जांच मॉक ड्रिल में हो सकेगी। मॉक अभ्यास के दौरान भूकम्प, वनाग्नि, भूस्खलन, अग्निकाण्ड, जलभराव, बाढ़, मानव-वन्यजीव संघर्ष, नाव पलटने की घटना, बादल फटना, जलाशय विस्फोट, औद्योगिक दुर्घटना, एवलांच, भगदड़ और नदी में डूबने जैसी संभावित घटनाओं पर आधारित सिनेरियो पर अभ्यास किया जाएगा। इन अभ्यासों में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, वन विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियां सक्रिय रूप से भाग लेंगी। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन श्री महावीर सिंह चौहान, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, एसडीआरएफ के डिप्टी कमाण्डेंट सुभांग रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

## देहरादून में 'कैलिग्राफी आर्ट के आईने में पवित्र कुरान' प्रदर्शनी का आगाज

# कुरआन देता है शांति और भाईचारे का संदेश: त्रिवेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** टर्नर रोड स्थित तस्मिया कुरआन म्यूजियम में "कैलिग्राफी आर्ट के आईने में पवित्र कुरान" शीर्षक से दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ म्यूजियम के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पवित्र कुरआन के सार्वभौमिक संदेश को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है।



मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने संबोधन में कहा कि कुरआन का संदेश शांति, भाईचारे और मानवता की एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एकता वह शक्ति है, जिससे हमारा देश और अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने इस पहल को सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

विशिष्ट अतिथि मेयर सौरभ थपलियाल ने प्रदर्शनी को अत्यंत उत्कृष्ट बताते हुए आयोजकों की सराहना की। वहीं वियतनाम के प्रथम सचिव सिंह गुयेन ट्ुओंग ने कहा कि कुरआन का संदेश पूरी मानवता के लिए है और इस प्रकार की प्रदर्शनी सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देती है।

डॉ. दलजीत कौर ने कहा कि यह प्रदर्शनी विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए अनूठी पहल है, जिससे वे शांति और भाईचारे के कुरआनी संदेश को न केवल पढ़ सकते हैं, बल्कि कला के माध्यम से उसे महसूस भी कर सकते हैं।

प्रदर्शनी में पवित्र कुरआन की आयतों से सुसज्जित बहुमूल्य कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इन आयतों के अनुवाद 108 भाषाओं में प्रदर्शित किए गए, जिनमें फ्रेंच, चीनी, गढ़वाली, कुमाऊँनी और गुरमुखी जैसी भाषाएं शामिल थीं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से आए सभी समुदायों के पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सैयद फर्रुख अहमद ने हम्द पढ़ी और समापन पर दुआ कराई। इस अवसर पर उन्होंने सर्वशक्तिमान ईश्वर की स्तुति में अपनी रचना भी प्रस्तुत की।

अंत में दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ. डी. एस. मान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर एस. एस. कोठियाल, राम कुमार वालिया, पूरन सिंह रावत, ब्रिगेडियर के. जी. बहल, प्रो. ए. हक (पूर्व कुलपति, हमदर्द विश्वविद्यालय), प्रो. दिवाकर, प्रो. इंदु सिंह, आर. ए. हक्कानी, डॉ. आर. के. बख्शी, सरिका प्रधान, प्रदीप वर्मा, अशोक वर्मा, सैयद हारून अहमद, सैयद फर्रुख अहमद, डॉ. फैसल अहमद, सैयद यासर, सैयद इमरान अहमद, जहांगीर अहमद, मुफ्ती सलीम अहमद, मुफ्ती वसीउल्लाह, मुफ्ती जिया आदि उपस्थित रहे।





# राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी

## रियल लाइफ शादी के बाद ऑन स्क्रीन धमाका

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी की खबर अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि फैंस को एक और बड़ा सरप्राइज मिल गया। कपल की अपकमिंग फिल्म राणाबाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। शादी के बाद दोनों की यह पहली ऑन-स्क्रीन झलक मानी जा रही है, जिसे लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट चरम पर है।

साउथ सिनेमा के सबसे चर्चित जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में शादी कर पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। कपल की शादी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन अब शादी के ठीक एक दिन बाद ही उनके मोस्ट अवेटेड फिल्म राणाबाली से एक खास पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। काफी लंबे इंतजार के बाद रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंधे हैं। जहां अभी फैंस उनकी शादी की फोटो की ही बात नहीं खत्म कर पा रहे हैं, तो वही शादी की बाद की दोनों की साथ की पहली फिल्म का बड़ा अपडेट सामने आया है।



रश्मिका और विजय की अपकमिंग फिल्म 'राणाबाली' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है, जिसमें केवल लीड किरदारों के हाथ दिखाई दे रहे हैं, जो दर्शकों को यह इशारा देते हैं कि ए विजय और रश्मिका हों।

**फैंस के लिए है खास सरप्राइज**

पोस्टर के साथ मेकर्स ने एक खास सरप्राइज का भी ऐलान भी किया है, जिसे 28 फरवरी को साझा किया गया। जिससे लोगों की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। यह फिल्म दोनों सितारों की शादी के बाद उनकी पहली ऑन-स्क्रीन वापसी होगी और इसी वजह से इसे फैंस के बीच खास रूप से अहम माना जा रहा है।

'राणाबाली' का डायरेक्शन राहुल सांस्कृत्यायन कर रहे हैं और इसे विशाल पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें विजय ने ऐतिहासिक योद्धा राणाबाली का किरदार निभाया है, जबकि रश्मिका जयम्मा के रोल में होंगी।

# यश की टॉक्सिक का पलके बिछाकर हो रहा इंतजार

**मुंबई।** साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। टीजर को देखने के बाद ट्रेलर को लेकर और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई है। इस इंतजार को खत्म करते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है।

साउथ सुपरस्टार यश की 'टॉक्सिक' जब से अनाउंस हुई है, तभी से सुर्खियों में छाई हुई है। इस मच अवेटेड फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में इसका टीजर रिलीज हुआ, जिसके बाद लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई। जितना लोगों को टॉक्सिक की रिलीज का इंतजार है, उतना ही इस फिल्म के ट्रेलर देखने के लिए यश के फैंस बेताब हैं। इस एक्साइटमेंट को और न बढ़ाते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर पर बड़ा अपडेट दे दिया है। फाइनली यश की टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। टीजर रिलीज से पहले मेकर्स ने एक के बाद बाद एक हर एक्ट्रेस के पोस्टर जारी कर काफी बज बना दिया था। यह मूवी 19 मार्च को सिनमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यश स्टारर 'टॉक्सिक' की टीम फिल्म के प्रमोशन में कोई कमी नहीं छोड़ रही है।


खबर मिली है कि मेकर्स ने यश की फिल्म के टीजर को रिलीज करने के लिए मार्च का पहला हफ्ता चुन लिया है।



# मैंने धुरंधर 2 देखी, आप भुला नहीं पाएंगे : यामी

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद से ही दर्शकों को फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार है, जो 19 मार्च को रिलीज होगा। इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम ने फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ा दिया, जब उन्होंने बताया कि वह धुरंधर 2 देख चुकी हैं। यामी गौतम ने कहा, मेरे पति ने 'उरी' जैसीकई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। हाल ही में उन्होंने धुरंधर बनाई है। धुरंधर जैसी फिल्म बनाने के लिए उनमें गजब का जुनून है, वरना यह मुमकिन नहीं होता। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उनकी कोई फिल्म 19 मार्च को रिलीज हो रही है, तो उन्होंने जवाब दिया, देखिए, धुरंधर से जुड़ी कोई भी जानकारी आदित्य ही देंगे। बाकी सभी की तरह मेरा भी उस दिन सिनेमा हॉल में एक जरूरी अपॉइंटमेंट है, तो आप सभी से वहीं मुलाकात होगी। यामी गौतम ने आगे बताया कि उन्होंने धुरंधर 2 देख ली है। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने धुरंधर 2 देख ली है। यह असाधारण से भी बढ़कर है। मैं बहुत भावुक हो गई थी। उस दिन मुझे फ्लाइट पकड़नी थी, इसलिए मैं आदित्य से कुछ कह नहीं पाई। बाद में भी मैं कुछ कर नहीं पाई। मुझे स्क्रिप्ट पढ़नी थी, लेकिन पढ़ नहीं पाई कुछ देखना था, लेकिन देख भी नहीं पाई। धुरंधर 2 दर्शकों के लिए एक ऐसा अनुभव होगा, जिसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। बता दें, 'धुरंधर 2' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिली होगी। इस फिल्म का क्लैश यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से होगा। फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

# दो फ्लॉप के बाद नई फिल्म की तैयारी में शनाया



शनाया कपूर की हालिया रिलीज फिल्म तू या मैं बॉक्स ऑफिस पर ऑडियंस के लिए तरस गई। लगातार दो फिल्में फ्लॉप होने के बाद शनाया कपूर नई फिल्म की तैयारी में हैं, जिसका नाम पता चल गया है। इतना ही नहीं, फिल्म में लीड एक्टर का नाम भी रिवील हो गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बीते साल 'आंखों की गुस्ताखियां' से एक्टिंग डेब्यू किया था।

**कहां तक पहुंचा फिल्म का काम?**

फिल्म मार्च 2025 में फ्लोर पर गई और लगभग दो महीने में इसकी मेन शूटिंग पूरी हो गई, जिसका पूरा शेड्यूल गोवा में सेट किया गया था। प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है, जबकि थिएटर में रिलीज की तारीख का अभी भी इंतजार है। फिल्म को चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट ने वाउव एमिरेट्स और कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर सपोर्ट किया है।

हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखाई पाई थी। इसके बाद शनाया कपूर की फिल्म 'आई तू या मैं' जो इसी साल 13 फरवरी को रिलीज हुई। शनाया और आदर्श गौरव की इस फिल्म ने उम्मीद से भी कम कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसी के बाद अब शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसपर बहुत पहले ही काम शुरू हो चुका था। हालांकि, इसका टाइटल अभी तक डिसाइड नहीं हो पाया था। अब शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म को नाम मिल गया है और साथ ही लीड एक्टर के बारे में भी जानकारी मिल गई है। शनाया कपूर की 'तू या मैं' ऑडियंस का दिल जीतने में बुरी तरह नाकामयाब साबित हुई। इसी के बाद एक्ट्रेस नई फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं। शनाया कपूर की अपकमिंग मूवी को फिल्ममेकर विकेश भूटानी बना रहे हैं, जिसके टाइटल का खुलासा हो गया है। इसी के साथ फिल्म में एक नई जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आएगी।

**शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म**

शनाया कपूर की नई फिल्म का टाइटल जैकब कार्डोसो रखा गया है। शनाया के साथ इस फिल्म में 'मुंज्या' स्टार अभय वर्मा नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि शुजात सौदागर के डायरेक्शन में बनी 'जैकब कार्डोसो' की कहानी 1987 के समय पर आधारित है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस फिल्म पर काम बीते साल ही शुरू हो चुका था। 'आंखों की गुस्ताखियां' और 'तू या मैं' के बाद शनाया की तीसरी फिल्म है, जिससे उनके फैंस काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**विकेश भूटानी ने क्या बताया?**

प्रोड्यूसर विकेश भूटानी ने कंफर्म किया है कि शनाया कपूर और अभय वर्मा की फिल्म का ऑफिशियली नाम जैकब कार्डोसो है। यह गोवा में सेट एक खूबसूरत फिल्म है, उस समय के आसपास जब यह एक स्टेट बन रहा था। शुजात सौदागर डायरेक्टेड यह फिल्म 1987 में सेट है और इसे एक कॉमेडी के तौर पर दिखाया गया है।



## विवादों के बीच द कैरेला स्टोरी 2 ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा

**नई दिल्ली।** साल 2023 की सुपरहिट क्राइम ड्रामा द केरल स्टोरी की रिलीज के तीन साल बाद विपुल शाह सीक्वल द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड लेकर आए। पहली फिल्म की तरफ द केरल स्टोरी 2 को लेकर खूब विवाद हुआ। मामला कोर्ट तक पहुंचा, कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर स्टे लगाया। मगर किसी तरह विवादों के बीच फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची। अब चूंकि द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में आ गई है और पहले दिन इस फिल्म ने कितना कलेक्शन कर लिया है, चलिए आपको फिल्म का ओपनिंग डाटा बताते हैं।

# प्रभास की स्पिरिट में नजर आएंगी ऐश्वर्या



**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है। हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया गया, जिसमें विवेक ओबेरॉय के साथ एक नया चेहरा ऐश्वर्या देसाई भी नजर आई। पोस्टर में उनका इंटेंस अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और अब दर्शक उनके किरदार को लेकर खासा उत्साहित हैं।

साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट पिछले कई महीनों से बढ़ी हुई है। अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म के पहले लुक को शेयर किया है, जिससे दर्शकों की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। फिल्म स्पिरिट में विवेक ओबेरॉय का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर जारी करते ही वायरल हो गया। इस पोस्टर में एक चेहरा ना है, जिनका नाम ऐश्वर्या देसाई है। जो कि इस प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा होने वाली हैं और अब फैंस उनके किरदार को देखने के लिए बेहद एक्साइटमेंट हैं।

पोस्टर में ऐश्वर्या नशा करते हुए इंटेंस लुक में नजर आ रही हैं, जिनको देखने के बाद से लोग उनके बारे में चर्चा करने लगे हैं। दरअसल, ऐश्वर्या पहले भी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, हालांकि इस फिल्म में उनको अलग अंदाज में देखने को मिलेगा। ऐश्वर्या की बात करें, तो वो एक इंडियन अमेरिकन मॉडल है, जिन्होंने अपनी शुरुआत मॉडलिंग से ही की थी। वक्त के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और रणवीर सिंह के साथ फिल्म गली बॉय में नजर आई। गली बॉय को लोगों ने बहुत पसंद किया और फिल्म को 13 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले थे। गली बॉय के बाद ऐश्वर्या ने एक शॉर्ट फिल्म भी की, जिसका नाम श्रैट इन द किचेनश था। इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को अवॉर्ड भी मिला है। एक्टिंग के अलावा ऐश्वर्या को सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव देखा जाता है। उन्हें उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगभग 36 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। अब ऐश्वर्या को स्पिरिट में देखा जाएगा। प्रभास और तृप्ति डिमरी की यह फिल्म 5 मार्च, 2027 को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 8 भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया है और उन्होंने ही लिखा भी है।



यरूशलेम। पुराने शहर के ऊपर बाईं ओर हवाई रक्षा मिसाइल अवरोधन के निशान दिखाई देते हुए।



उत्तरी इजरायल। हाइफा के पास तिरत हाकार्मेल में एक इमारत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद निवासियो को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।




तेल अवीव। इजरायल की ओर दागी गई मिसाइल के बाद चेतावनी सायरन बजने पर आश्रय लेने के लिए दौड़ते लोग।

# कतर से बहरीन तक, अमेरिकी बेस पर कहर बनकर टूटा ईरान

## रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की




**वाशिंगटन।** ईरान पर इजरायल अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद ईरान को पलटवार करते हुए अमेरिका के मददगार देशों पर ड्रोन व मिसाइलों से बड़े हमले किए जिनमें अमेरिकी एयरबेस बुरी तरीके से तबाह हुए। ईरान ने बहरीन समेत कई जगह जबरदस्त अटैक करते हुए बड़ा बदला लिया है।

उसने शनिवार दोपहर बाद से बहरीन, कतर, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, दुबई सहित कई और देशों पर भी हमला करते हुए अमेरिकी नेवलबेस क्षतिग्रस्त कर अमेरिका और इजरायल को चौका दिया। कतर व दुबई पर कई दौर के हमले ईरान की और से हुए जिसमें बड़े नुकसान का अनुमान है। यह पहला मौका है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिकन नेवी बेस पर किसी देश के द्वारा हमला किया गया। ईरान की और से कहा गया है कि हमारी और से बड़ा हमला नहीं किया गया है, लेकिन जल्द ही हम बड़ा हमला कर इजरायल और अमेरिका को बैकफुट पर ला देंगे। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पशिचम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने तत्काल हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की है। रूस ने अमेरिका और इजरायल से ईरान में तुरंत हमले रोकने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें मौजूदा स्थिति से राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन गैर-जिम्मेदार कार्रवाई का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए, जो पूरे क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। रूस पहले की तरह अंतर्राष्ट्रीय कानून, आपसी सम्मान और हितों के संतुलन के आधार पर शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वहां रह रहे फिलीपीनी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय और प्रवासी श्रमिक विभाग को प्रभावित इलाकों में नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024 में क्षेत्र में करीब 21 लाख फिलिपीनी कामगार मौजूद बताए गए थे। बेल्जियम ने कहा, ईरानी जनता को अपनी सरकार के फैसलों की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि कूटनीतिक प्रयास पहले किसी बातचीत से समधान तक नहीं पहुंच पाए। नार्वे ने कहा कि इजरायल के हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं हैं। नार्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ने कहा, इजरायल इसे एहतियात के तौर पर किया गया हमला बता रहा है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत एहतियात के तौर पर हमले तभी सही माने जाते हैं, जब खतरा तुरंत और स्पष्ट रूप से सामने हो। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान पर हुए हमलों की आलोचना की। उन्होंने तनाव को तुरंत रोकने और संकट के शांतिपूर्ण, बातचीत के जरिये समाधान के लिए दोबारा कूटनीति शुरू करने की अपील की। इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो वाशिंगटन और तेहरान के बीच संवाद कराने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ा है, जिस पर इंडोनेशिया को बेहद अफसोस है। इंडोनेशिया ने सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद व कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी बयान में सांचेज ने कहा कि ऐसी कार्रवाई वैश्विक व्यवस्था को और अस्थिर तथा टकरावपूर्ण बना सकती है। हालांकि उन्होंने ईरान सरकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड की गतिविधियों को भी स्वीकार्य नहीं बताया। स्पेन ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूरी तरह सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल कूटनीतिक बातचीत और शांतिपूर्ण रास्ते से ही संभव है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की। अलबुसैदी हमलों से पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्था नहीं कर रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, सक्रिय और गंभीर वार्ता को एक बार फिर कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका से गुजारिश करता हूं कि वह इसमें और न फंसे। यह आपकी लड़ाई नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी विदेश मंत्री अनीता आनंद ने अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा, कनाडा ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और उसके शासन को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए और खतरा बनने से रोकने के लिए अमेरिका की कार्रवाई का समर्थन करता है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ईरान पर अमेरिकी हमलों का समर्थन करती है। अल्बनीज ने एक बयान में कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और ईरान को अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन करते हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज पर्रिला ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की आलोचना की।

### यूरोपीय देशों ने नागरिकों से की पश्चिमी एशिया छोड़ने की अपील

**वाशिंगटन।** कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है। सरकारों की ओर से संभावित फ्लाइट कैंसिलेशन या देरी की चेतावनी दी और प्रभावित इलाकों में नागरिकों से सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया। ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की, जिसमें ईरान से जुड़ी स्थिति से संभावित क्षेत्रीय नतीजों का हवाला दिया गया। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है।

### ईरान के पलटवार के बाद पांच देशों में तनाव के बीच एयरस्पेस बंद

**तेहरान।** अमेरिकी और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद अब ईरान ने भी पलटवार करना शुरू कर दिया है। इजरायल के अलावा खाड़ी देशों के कई अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ईरानी हमले तेज हो गए हैं। ईरान ने कुवैत, बहरीन,कतर, सऊदी अरब, और यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया है। ईरान ने कतर के दोहा में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने देश को निशाना बनाकर किए गए कई हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। रक्षा मंत्रालय इस बात की पुष्टि करता है कि खतरे का पता चलते ही सुरक्षा योजना के अनुसार उससे तुरंत निपटा गया और कतर की धरती तक पहुंचने से पहले ही सभी मिसाइलों को रोक दिया गया ईरान ने कतर, बहरीन, कुवैत यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। बहरीन ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के 5वें बेड़े के मुख्यालय को मिसाइल हमले का निशाना बनाया गया है। कतर के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि पैट्रियट रक्षा प्रणाली द्वारा एक ईरानी मिसाइल को रोक दिया गया है।

# रूस और चीन जारी जंग में दखल देंगे!

## अमेरिका व इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे



■ ईरान ने पशिचम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त अभियान में ईरान पर हमला बोला है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार किया। इतना ही नहीं ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

इनमें जॉर्डन से लेकर कुवैत और सऊदी अरब से बहरीन तक में अमेरिकी बेसेज पर हमले किए गए हैं। पूर्व राजनयिक दिलीप सिन्हा के अनुसार, यह युद्ध इस बात का संकेत है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से टूट चुकी है। शीत युद्ध के समय के विपरीत, अब महाशक्तियां यह मानने लगी हैं कि वे कूटनीति के बजाय युद्ध करके अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल कर सकती हैं, जो कि बिश्व के लिए एक बहुत खतरनाक स्थिति है। अमेरिका और इजरायल की ईरान के साथ यह दुश्मनी 1979 के सत्ता परिवर्तन के समय से ही चली आ रही है। पूर्व राजनयिक दीपक वोहरा के मुताबिक, यह मुकाबला अब फाइट टू द फिनिश बन चुका है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्पष्ट मानना है कि ईरान की वर्तमान सरकार नंबर वन स्टेट स्पॉन्सर ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की सबसे बड़ी प्रायोजक) है और इस आतंकी और कट्टरपंथी सरकार का जाना अब तय है। दिलीप सिन्हा स्पष्ट करते हैं कि पिछले साल के हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु संस्थानों को नष्ट करना था, लेकिन इस ताजा हमले का एकमात्र और खुला उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन करना है। अमेरिका और इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे हैं, ताकि ईरान की जनता के भीतर हिम्मत आए और वे स्वयं विद्रोह करके इस सत्ता को पलट दें।

# बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 20 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गई। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आई। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए।

# ट्रम्प के रडार पर ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई

## ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू



■ हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना

**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। ईरान की राजधानी तेहरान में कई धमाके सुने गए हैं और इस हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलों की पुष्टि करते हुए खुलेआम ईरानी नागरिकों से अपनी ही सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर दी है। इस पूरी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया के नए संकट के केंद्र में सिर्फ एक ही नाम है-ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई। आइए आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि 86 वर्षीय खामेनेई कौन हैं और वे पश्चिमी देशों की आंखों की किरकिरी क्यों बने हुए हैं। ईरान पर हुए इस ताजा हमले में देश भर के कई इलाकों के साथ-साथ राजधानी तेहरान के उन विशिष्ट क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है, जो सीधे तौर पर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात मिसाइलें तेहरान के उत्तर में स्थित राष्ट्रपति भवन और खामेनेई के कार्यालयों (कंपाउंड) के पास गिरी हैं। अमेरिका और इजरायल की इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य इस्लामी गणराज्य के नेतृत्व को निशाने पर लेना है। हालांकि, हमलों के दौरान खामेनेई तेहरान में मौजूद नहीं थे और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई एक धर्मगुरु हैं, जो 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर (सर्वोच्च नेता) के पद पर काबिज हैं। उन्होंने ईरान के इस्लामी गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद यह पद संभाला था। खुमैनी ने ही 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व किया था, जिसमें अमेरिका समर्थित शाह को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। आज की तारीख में खामेनेई देश के आध्यात्मिक नेता होने के साथ-साथ सरकार, सेना और न्यायपालिका की अंतिम और सर्वोच्च शक्ति अपने पास रखते हैं। अपने शासनकाल के दौरान खामेनेई ने हमेशा पश्चिमी देशों के साथ एक शत्रुतापूर्ण संबंध बनाए रखा है और वे अमेरिका को ईरान का नंबर एक दुश्मन मानते हैं, जिसके ठीक पीछे वे इजरायल को रखते हैं।

# मैक्रों बोले: इजरायल व ईरान तुरंत जंग रोकें



■ रूसी विदेश मंत्री ने ईरानी विदेश मंत्री से बात की, अमेरिका-इजरायल की सैन्य कार्रवाई पर स्पेन की आपत्ति

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता युद्ध दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा कि हालात बहुत खतरनाक होते जा रहे हैं और इस तनाव को तुरंत रोकना जरूरी है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस अपने देश, अपने नागरिकों और मध्य पूर्व में अपने हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। साथ ही, अगर उनके सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उन्हें सुरक्षा देने के लिए जरूरी कदम उठाने को तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात की। इस बातचीत में लावरोव ने अमेरिका और इज़रायल के हमलों की कड़ी निंदा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इन हमलों को बिना उकसावे वाली कार्रवाई बताया। रूस ने तुरंत इन हमलों को रोकने की अपील भी की है। वहीं स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है।

# पाक-अफगान संघर्ष में दावा: 300 की मौत

■ 500 लोग घायल हुए ट्रम्प बोले: पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा
■ पाक का दावा: आतंकी हमलों के पीछे भारत का हाथ

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने 'आपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गई और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं।




यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108